


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 171/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 17 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in

### सेंसेक्स में 300 अंक से ज्यादा की गिरावट



मुम्बई। शेयर बाजार में आज यानी 17 जनवरी को गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 300 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 76,700 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 100 अंक की गिरावट है, ये 23,200 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में गिरावट और 14 में तेजी देखने को मिल रही है।



## शूटर मनु भाकर, चेस विश्व चैंपियन गुकेश समेत 4 को खेल रत्न



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 का वितरण आज राष्ट्रपति भवन में हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को सम्मानित किया। मुर्मू ने सबसे पहले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

- **पैरालिंपिक्स में जेवलिन का गोल्ड जीतने वाले नवदीप समेत 34 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड**

उनके अलावा, ओलिंपिक में डबल मेडल जीतने वालीं शूटर मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पेरिस पैरालिंपिक्स में जेवलिन का गोल्ड जीतने वाले नवदीप समेत 34 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया गया। इनमें 17 पैरा-एथलीट हैं, जबकि 2 लाइफ टाइम अचीवमेंट के लिए हैं। इनके अलावा 5 कोच को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिला।

मनु भाकर ने अगस्त-सितंबर में पेरिस ओलिंपिक गेम्स में डबल ओलिंपिक मेडल जीते थे। वे 10 मीटर एयर पिस्टल इंडिविजुअल और मिक्स्ड डबल्स में तीसरे स्थान पर रहीं। उनके दो मेडल के दम पर भारत ने पेरिस ओलिंपिक में कुल 6 मेडल जीते थे।

### ग्लोबल ऑटो एक्सपो का उद्घाटन



## जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रहीं, उतनी कई देशों की आबादी नहीं: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पीएम मोदी ने शुक्रवार को ऑटो एक्सपो का उद्घाटन भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री जबरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है। भारत की ऑटो

- **भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था**

इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12त्न की दर से आगे बढ़ी है। इतनी कई देशों की आबादी नहीं है, जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रही हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आप कल्पना करें को जब भारत विश्व की सबसे बड़ी तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, तब भारत का ऑटो मार्केट कहां होगा। विकसित भारत की



यात्रा मोबिलिटी सेक्टर की भी अभूतपूर्व विस्तार की यात्रा होने वाली है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कभी भारत में गाड़ियां न खरीदने का एक कारण अच्छी और चौड़ी सड़कों का अभाव था। पिछले वर्ष के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रखे गए थे। आज भारत में मल्टी लेन हाईवे का, एक्सप्रेसवे का जाल बिछ रहा है।

इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान मैंने आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी %भारत मोबिलिटी एक्सपो% में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलाया, इसके लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि मैंने मोबिलिटी से जुड़े एक कार्यक्रम में 7 सी के विजन की चर्चा की थी। हमारे गतिशीलता समाधान ऐसे हैं, जो आम हो, कनेक्टेड हो, सुविधाजनक हो, भीड़ से मुक्त हो, चार्ज्ड हो, साफ हो और कटिंग एज हो। आज हरित प्रौद्योगिकी, ईवीएस, हाइड्रोजन ईंधन, जैव ईंधन और ऐसी ही प्रौद्योगिकी के विकास पर हमारा काफी फोकस है।

### मोबिलिटी एक्सपो का दायरा बढ़ा

इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है। पिछली बार 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया। इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में भी ये एक्सपो चल रहा है।

## गृहमंत्री शाह की अध्यक्षता में मप्र में नये कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में मध्य प्रदेश में नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर नॉर्थ ब्लॉक में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने श्री शाह का स्वागत किया और प्रदेश

- **तीनों कानून लागू करने के बाद अस्पतालों व चिकित्सकों को भी जल्द न्याय मिल पायेगा**

में कानून कार्यान्वयन की रिपोर्ट पेश की।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि जनता की सुविधा के लिए जो कानून बदले गए हैं, हमने उन पर अमल किया है। बहुत कम समय में साक्ष्यों के आधार पर फैसले भी कराये हैं। नये कानूनों से पुलिस का समय भी बचेगा और लोगों को न्याय मिलेगा। आने



वाले समय में तीनों कानून लागू करने के बाद अस्पतालों व चिकित्सकों को संबंधित मामलों में भी जल्द न्याय मिल पायेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहां सबसे पहले इन कानूनों को लागू किया है। कुछ और सुधार लागू कर रहे हैं, इनमें फारेंसिक साइंस शाखा भी शामिल है। हम समयबद्ध कार्यक्रम के आधार पर काम कर रहे हैं।

### सांध्यप्रकाश विशेष

## कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी का पंजाब में कड़ा विरोध, रिलीज पर बैन लगाने की एसजीपीसी ने की मांग

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी का विरोध किया है। एसजीपीसी हरजिंदर सिंह धामी ने गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर इमरजेंसी की रिलीज पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा कि यह फिल्म सिखों की छवि को खराब करती है और इतिहास को गलत ढंग से प्रस्तुत करती है। कंगना रनौत की इमरजेंसी आज सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



एसजीपीसी ने बृहस्पतिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज पर प्रतिबंध लगाने की मांग की और कहा कि यह सिखों की छवि को खराब करती है। सीएम मान को लिखे पत्र में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने कंगना की फिल्म पर कड़ी आपत्ति जताई। धामी ने कहा कि अगर फिल्म पंजाब में रिलीज होती है तो इससे सिख समुदाय में आक्रोश और गुस्सा फैल जाएगा और इसलिए यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह राज्य में इसकी रिलीज पर प्रतिबंध लगाए। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि यह हमारे ध्यान में आया है कि कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी 2025 को पंजाब के विभिन्न शहरों के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है और टिकटों की बुकिंग भी शुरू हो गई है। धामी ने कहा कि एसजीपीसी ने पिछले साल 14 नवंबर को पंजाब के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर फिल्म की रिलीज का भी विरोध किया था। लेकिन दुख की बात है कि पंजाब सरकार ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया है।

धामी ने कहा कि एसजीपीसी पंजाब के सभी उपायुक्तों को भी एक पत्र सौंपेगी, जिसमें राज्य में फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की जाएगी। धामी ने कहा, अगर यह फिल्म पंजाब में रिलीज हुई तो हम राज्य स्तर पर इसका कड़ा विरोध करने के लिए मजबूर होंगे।

## राहुल गांधी देर रात दिल्ली एम्स के बाहर मरीजों से मिले लिखा- ये इलाज की आस में फुटपाथ पर सो रहे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी गुरुवार देर रात दिल्ली में एम्स के बाहर मरीजों से मिले। राहुल ने मरीजों से उनका हाल-चाल जाना। साथ ही जिन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा, उसके बारे में पूछा।

राहुल ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर कीं और लिखा- बीमारी का बोझ, ठिठुराने वाली सर्दी, और सरकारी असंवेदनशीलता - आज एम्स के बाहर उन मरीजों और उनके परिवारों से मिला, जो दूर-दराज से इलाज की आस में आए हैं। इलाज की राह में वो सड़कों, फुटपाथ और सब-वे पर सोने को मजबूर हैं - ठंडी जमीन, भूख, और असुविधाओं के बीच भी बस उम्मीद की एक लौ जलाए बैठे हैं। केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों, जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह से नाकाम रही हैं।

## दिल्ली में कोहरे से 117 फ्लाइट, 27 ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी राज्यों में बर्फबारी के साथ-साथ घने कोहरे का भी असर लगातार बना हुआ है। शुक्रवार सुबह 18 राज्यों में कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटी। दिल्ली में 117 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुईं। वहीं, 10 कैंसिल की गई। दिल्ली आने वाली 27 ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंची सकीं।



हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ फिर बर्फबारी से सफेद हो गए हैं। 3 नेशनल हाईवे समेत 200 सड़कें बंद हैं। अकेले शिमला में ही 56 सड़कें बंद हुईं और ॥ऋञ्ष्ट की 15 बसें बर्फबारी में फंसी हैं। मौसम विभाग ने कहा कि यहां आज भी बर्फबारी होगी।

मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। दोनों राज्यों के 20 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी से बर्फीली हवाएं चलेंगी, जिससे इन राज्यों में भी तापमान गिरेगा।

जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को 4 जिलों अनंतनाग, पुंछ, भद्रवाह और डोडा में बर्फबारी हुई। इसके चलते इन जगहों पर दोबारा ठंड बढ़ गई है।

इसके पहले कुछ दिन मौसम साफ होने और धूप निकलने के चलते बर्फबारी रुकी हुई थी। वहीं, हिमाचल प्रदेश के कुफरी, नारकंडा, लाहौल घाटी, सोलंग नाला, शिमला, भरमौर और मनाली में भी बर्फबारी हुई।

## ग्वालियर में पूर्व सीनियर सब रजिस्ट्रार पर ईडी का छापा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में मुरार स्थित सीपी कॉलोनी में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने छापा मारा है। कार्रवाई पूर्व सीनियर सब रजिस्ट्रार केके अरोरा के घर पर की गई है। अरोरा आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा से जुड़े



बताए जा रहे हैं। ईडी की टीम सुबह करीब 5 बजे अरोरा के घर पहुंची। फिलहाल, अधिकारी घर के भीतर दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं।

पूर्व सीनियर सब रजिस्ट्रार अरोरा, विनय हासवानी के बिजनेस पार्टनर हैं। भोपाल के मेंडोरी स्थित विनय हासवानी के फार्म हाउस से ही 54 किलो गोल्ड और 11 करोड़ कैश से लदी कार मिली थी। वह आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के मौसा, पूर्व डीएसपी मुनीश राजोरिया का दामाद है।



## संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से, 1 फरवरी को निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगा। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। यह बजट मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण कालिक बजट होगा। पिछले साल चुनाव के कारण 1 फरवरी 2024 को निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश किया था।

## इमरान खान और बुशरा बीबी भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार, पूर्व पीएम को 14 तो पत्नी को सात साल की जेल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में पूर्व पीएम इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को दोषी करार दिया है। पूर्व पीएम इमरान खान को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल की सजा सुनाई गई है। इमरान खान पर 10 लाख रुपये और उनकी पत्नी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अगर वे दोनों जुर्माना नहीं भर पाते हैं तो पूर्व प्रधानमंत्री को छह महीने और बुशरा को तीन महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। यह फैसला भ्रष्टाचार रोधी अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने अल-कादिर ट्रस्ट में करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये के भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी एनएबी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनाया।



# जल संरक्षण के लिए स्कूल के विद्यार्थियों को प्रेरित करने नगर निगम ने आयोजित की कार्यशाला

## पतंग सज्जा प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन, जल संरक्षण की शपथ दिलाई





**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

नगर निगम द्वारा जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता विशेषकर विद्यार्थियों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित करने के लिए जल संरक्षण विषय पर कार्यशाला एवं पतंग सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जल संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु मकर सक्रांति पर भी निगम द्वारा पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम अमृत 2.0 के अंतर्गत निगम के जलकार्य विभाग द्वारा आयोजित किया गया। नगम आयुक्त श्री हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के जलकार्य विभाग द्वारा अमृत 2.0 के तहत जल संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के दृष्टिगत गुरूवार को भीम नगर स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में एक कार्यशाला तथा पतंग सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने पतंगों पर जल संरक्षण संबंधी संदेशों व चित्रों को उकेरा। जल संरक्षण विषय पर आयोजित कार्यशाला में निगम अधिकारियों व विशेषज्ञों ने जल का महत्व एवं जल संरक्षण हेतु किए जाने वाले कार्यों व पानी के बचाव हेतु सुझाव भी दिए। पतंग सज्जा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट पतंग सज्जा करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान आचार्य सहित शिक्षकों व विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

# मन की बात और संविधान गौरव दिवस को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में हुई बैठक

## नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष रविंद्र यति को भगवान श्रीराम का चित्र भेंटकर किया सम्मान



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिला अध्यक्ष रविंद्र यति के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में मन की बात कार्यक्रम व संविधान गौरव दिवस को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के उपरांत जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति का भाजपा संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शैलेन्द्र निगम सहित पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए भगवान श्रीराम का चित्र भेंट किया।

भोपाल जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि 19 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी पहुंचे। जिससे हर बार की तरह प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम को आत्मसात करते हुए पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। यति ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने देश पर आपातकाल थोपकर संविधान की आत्मा को कुचलने का काम किया। संविधान के निर्माता बाबा साहब अंबेडकर को कभी कांग्रेस ने सम्मान नहीं दिया। कभी उन्हें चुनाव नहीं जीतने दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब का स्मारक तक नहीं बनने दिया। भाजपा की ही मोदी सरकार ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े स्थानों का पंचतीर्थ के रूप में विकास किया। बाबा साहेब को भारत रत्न देने को काम भाजपा ने ही किया।

# ऑर्मी मैराथन 19 को, द्रोणांचल से होगी शुरू

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपालवासियों से 19 जनवरी को आयोजित होने वाली ऑर्मी मैराथन में बड़ी संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है। इस मैराथन का उद्देश्य फिटनेस, एकता और देशभक्ति को प्रोत्साहित करना है। फिट इंडिया, रन विद इंडियन ऑर्मी के आदर्श वाक्य के साथ यह आयोजन हर उम्र और वर्ग के लोगों को शारीरिक स्वास्थ्य और देशप्रेम के प्रति प्रेरित करेगा। मंत्री श्री सारंग ने विशेष रूप से युवाओं और परिवारों को इस आयोजन में बढ़-चढ़कर शामिल होने का आग्रह किया है। मैराथन में तीन श्रेणियाँ रखी गई हैं, जिसमें 21 किलोमीटर (हॉफ मैराथन), 10 किलोमीटर, और 5 किलोमीटर की दौड़ शामिल है। इन श्रेणियों के लिए क्रमशः 600, 500 और 400 रुपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित किया गया है। प्रतिभागियों को टी-शर्ट और भागीदारी प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए http://www.army-marathonbhopal.com पर आवेदन किया जा सकता है, और अधिक जानकारी के लिए 62690-33347 पर संपर्क किया जा सकता है। यह मैराथन भोपाल के द्रौणांचल से शुरू होकर वीआईपी रोड होते हुए द्रौणांचल पर ही समाप्त होगी। सुबह 6 बजे प्रारंभ होने वाले इस आयोजन में लगभग 12 हज़ार प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजन के दौरान 10 लाख रुपये तक के आकर्षक नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। हॉफ मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 1 लाख, द्वितीय स्थान को 50 हज़ार और तृतीय स्थान को 25 हज़ार रुपये प्रदान किये जायेंगे। इसी प्रकार 10 किलोमीटर की दौड़ में 50 हज़ार, 25 हज़ार और 15 हज़ार रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे। 5 किलोमीटर दौड़ के लिए 20 हज़ार, 15 हज़ार और 10 हज़ार रुपये के नकद पुरस्कार निर्धारित हैं। यह आयोजन भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय सेना के सुदर्शन चक्र कोर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। सेना दिवस 15 जनवरी को मनाया जाता है, जो 1949 में जनरल केएम करियप्पा के भारतीय सेना के पहले कमांडर इन चीफ के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की याद में मनाया जाता है। इस ऐतिहासिक अवसर पर ऑर्मी मैराथन का उद्देश्य सेना और आमजन के बीच जुड़ाव को बढ़ावा देना और इसे भोपाल में वार्षिक खेल आयोजन के रूप में स्थापित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से फिट इंडिया अभियान को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ यह आयोजन स्थानीय समुदायों, खेल प्रेमियों और सशस्त्र बलों के सदस्यों को एकजुट करने का प्रयास है। भोपाल में आर्मी मैराथन मुख्यालय पश्चिम एमपी सब एरिया के तत्वाधान में आयोजित होने वाला यह पहला खेल आयोजन है।

# भोपाल से गुजरने वाली कई ट्रेनें अस्थायी रूप से निरस्त, मालवा एक्सप्रेस भी शामिल

**भोपाल।** उत्तर रेलवे के जम्मू तवी स्टेशन पर री-डेवलपमेंट और यार्ड कनेक्शन के एनआई (नॉन-इंटरलॉकिंग) कार्य के कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली कई यात्री ट्रेनों को अस्थायी रूप से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। यह कार्य 2025 के फरवरी और मार्च महीने में किए जाएंगे, जिससे कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

निरस्त होने वाली ट्रेनें: ट्रेन 12751 (नांदेड-जम्मू तवी एक्सप्रेस)- 21 फरवरी और 28 फरवरी को लिए निरस्त रहेगी। ट्रेन 12752 (जम्मू तवी-नांदेड़ एक्सप्रेस)- 23 फरवरी और 02 मार्च को निरस्त रहेगी। ट्रेन 11077 (पुणे जं.-जम्मू तवी एक्सप्रेस)- 17 फरवरी से 04 मार्च तक के लिए निरस्त रहेगी। ट्रेन 11078 (जम्मू तवी-पुणे जं. एक्सप्रेस)- 19 फरवरी से 06 मार्च तक के लिए निरस्त रहेगी। ट्रेन 12919 (डॉ. आंबेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस)- 01 मार्च से 05 मार्च तक के लिए निरस्त रहेगी। ट्रेन 12920 (श्री माता वैष्णो देवी कटरा-डा. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस)- 03 मार्च से 07 मार्च तक के लिए निरस्त रहेगी। ट्रेन 22705 (तिरुपति-जम्मू तवी एक्सप्रेस)- 14, 21, 28 जनवरी, 04, 11, 18 और 25 फरवरी को निरस्त रहेगी। ट्रेन 22706 (जम्मू तवी-तिरुपति एक्सप्रेस)- 17, 24, 31 जनवरी, 07, 14, 21 और 28 फरवरी को निरस्त रहेगी।




**भोपाल से रवाना हुई पहली कुंभ स्पेशल ट्रेन, 1500 श्रद्धालु बनारस के लिए हुए रवाना**

इस बीच, प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के अवसर पर श्रद्धालुओं और यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए इस विशेष ट्रेन का संचालन किया गया है। भोपाल मंडल से गुरुवार को सुबह 11:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन से रानी कमलापति-बनारस कुंभ मेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन रवाना हुई।

इस ट्रेन में लगभग 1500 श्रद्धालु यात्रा पर निकले, जो महाकुंभ मेले में शामिल होने के लिए उत्साहित नजर आए। प्लेटफार्म नंबर दो से शुरू हुई यह ट्रेन मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, बुधनी, नर्मदापुरम और इटारसी से होकर गुजरेगी।

जानकारी के मुताबिक ट्रेन संख्या 01661 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल है। यह 16 जनवरी से 20 फरवरी तक रहेगी। प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को सुबह 11:10 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 10:15 बजे बनारस पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 01662 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 17 जनवरी से 21 फरवरी तक प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को दोपहर 2:45 बजे बनारस से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11:30 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

# नगर निगम अमले ने कई क्षेत्रों से हटाया अतिक्रमण, 19 ट्रक सामान किया जप्त



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने संयुक्त रूप से विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बनाए गए छप्पर तोडकर 19 ट्रक सामान जप्त किया साथ ही सड़कों के किनारे पड़ी 02 ट्रक गिट्टी व 04 ट्रक रेत भी जप्त की। निगम अमले ने जिला प्रशासन की कार्यवाही में पुलिया एवं सड़क निर्माण में बाधक अवैध निर्माण को भी तोड़ने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने गुरूवार को करोंद मण्डी, आरिफ नगर ब्रिज, बेस्ट प्राईज तिराहा, भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल, करोंद चौराहा आदि क्षेत्रों में सड़कों, फुटपाथों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की। निगम के दलों ने सड़कों के किनारे पड़ी 02 ट्रक गिट्टी व 4 ट्रक रेत जप्त की साथ ही सड़क किनारे अवैध रूप से बने 15 छप्परों को भी तोड़ा और गुमठी, लोहे के पलंग, पटिये, ड्रम, मेकेनिक का ऑटो सहित 19 ट्रक विभिन्न प्रकार का सामान जप्त किया। इसके अतिरिक्त निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जिला प्रशासन द्वारा अब्बास नगर बंजारा बस्ती क्षेत्र में सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य में बाधक अवैध रूप से निर्मित भवन को तोड़ने की कार्यवाही में सहयोग करते हुए उक्त भवन को जे.सी.बी. व श्रमिको के माध्यम से तोड़ने की कार्यवाही की।

# मध्य प्रदेश पर तय सीमा से ऊपर कर्ज, लिमिट बढ़ाने केंद्र से अनुमति मांगेगी सरकार

**भोपाल।** अधोसंरचना विकास की गति को बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार अधिक कर्ज लेने की अनुमति भारत सरकार से मांगेगी। 16वें वित्त आयोग के सामने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के अनुपात में चार प्रतिशत कर्ज लेने का अनुमति मांगी जाएगी।

अभी प्रदेश को जीएसडीपी के अनुपात में तीन प्रतिशत कर्ज लेने की अनुमति है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 30 हजार करोड़ रुपये कर्ज ले चुकी है। इस तरह प्रदेश पर चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज हो गया है।

**पूंजीगत व्यय बढ़ाया जा रहा-** प्रदेश में अधोसंरचनात्मक कामों को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाया जा रहा है। यह लगभग 60 हजार करोड़ रुपये पहुंच गया है। आगामी वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 65 हजार करोड़ रुपये तक किया जाएगा।

**सिंहस्थ के लिए अधिक कर्ज-** दरअसल, 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ होना है। सरकार उज्जैन और आसपास के जिलों में सड़क, पुल, पुलिया, फ्लायओवर सहित कई निर्माण के कार्य कर रही है।वहीं, प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए भी अधोसंरचना विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

### लिमिट से अधिक कर्ज लेने की अनुमति

इसके लिए राज्य के बजट से राशि की पूर्ति संभव नहीं है, इसलिए अधिक कर्ज लेने की अनुमति मांगी जा रही है। पिछले वर्ष भी केंद्र सरकार से आग्रह किया गया था लेकिन अनुमति नहीं मिली। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति अच्छी है। एक बार भी राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम के प्रविधान का उल्लंघन नहीं हुआ है।

### केंद्र सरकार के सहमति के बाद मिल सकेगा कर्ज

कर्ज भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से सरकार ले रही है, उसका उपयोग पूंजीगत कार्यों यानी अधोसंरचनात्मक विकास पर ही किया जा रहा है। यदि केंद्र सरकार प्रदेश की मांग पर सहमत हो जाती है तो अधिक राशि उपलब्ध हो जाएगी, जिससे विकास कार्यों को गति मिलेगी।

## मिआ बाए तनिष्क के जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग फेस्टिवल में मिल रहे हैं आकर्षक डिस्काउंट

मुंबई। भारत का एक सबसे बड़ा फाइन ज्वेलरी ब्रांड, मिआ बाए तनिष्क ने जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग फेस्टिवल के शुरू होने की घोषणा की है। प्यार के मौसम को दर्शाने वाला नया कलेक्शन क्यूपिड एडिट 3.0 के अनावरण के साथ-साथ सोच-समझकर दिए जाने वाले गिफ्ट्स की खुशियां जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग फेस्टिवल की खासियत हैं। शानदार आभूषणों की विशाल श्रेणी पर आकर्षक छूट देने वाली इन फेस्टिव ऑफर्स की प्रतीक्षा अब ख़त्म हो चुकी है, अपने प्रियजनों को खुशियां और प्यार का उपहार देने का सही समय आ गया है। 9 जनवरी 2025 से 16 फरवरी 2025 तक चलने वाले जॉय ऑफ़ गिफ्टिंग फेस्टिवल में सभी मिआ डायमंड ज्वेलरी की खरीदारी पर बिल के कुल मूल्य के आधार पर 20 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट दी जाएगी। इतनाही नहीं, मिआ के सिल्वर कलेक्शन में चुनिंदा मर्चेंडाइज़ पर फ्लैट 15 प्रतिशत की छूट भी मिल रही है। शर्तें लागू हैं।

## आईआईएम रायपुर ने एग्जीक्यूटिव एमबीए के पाँचवें बैच का किया शुभारंभ

**रायपुर ।** भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर, जो व्यवसायिक नेतृत्व तैयार करने के लिए प्रसिद्ध है, ने एग्जीक्यूटिव एमबीए के पाँचवें बैच का उद्घाटन समारोह आयोजित किया। इस व्यापक पाठ्यक्रम में 145 पेशेवरों ने प्रवेश लिया है, जिनमें 40 महिलाएँ और 105 पुरुष प्रतिभागी शामिल हैं। इस समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. निहारिका राय, मानव संसाधन प्रमुख, माइक्रोसॉफ्ट सुरक्षा आईडीसी, के साथ आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार ककानी और संस्थान के अन्य प्रतिष्ठित शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार ककानी ने कहा, हमारा दो वर्षीय कार्यकारी एमबीए कार्यक्रम न केवल आपका ज्ञान बढ़ाएगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के अनुभवों के माध्यम से समग्र विकास प्रदान करेगा। इस वर्ष का बैच विभिन्न उद्योगों और विशेषज्ञता की अद्वितीय विविधता का प्रतिनिधित्व करता है, जो सामूहिक विकास को प्रोत्साहित करेगा। इन दो वर्षों की शिक्षा के बाद, आप आईआईएम रायपुर के पूर्व छात्र बन जाएँगे।

# नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर होगा संतों का समागम, आशीर्वचनों से होगी अमृत वर्षा









**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर में जगह-जगह से संत, महात्माओं के आगमन का सिलसिला आज से शुरू हो जाएगा। सैनिक कॉलोनी स्थित नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर 17 जनवरी से 23 जनवरी तक श्री हनुमान महाराज और श्रीराम दरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। यज्ञ शाला का निर्माण और मंदिर की सजावट का काम एक दिन पहले पूरा कर लिया गया और संत, महात्माओं के रहने की व्यवस्थाएं की गई। घर-घर में पीले चावल देकर श्रद्धालुओं को आमंत्रित भी किया गया। पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि 17 जनवरी को सुबह 9 बजे सर्व प्रायश्चित दशविधि स्नान, श्री विष्णु पूजन, 9 कन्याओं द्वारा कलश यात्रा पंचाग पूजन, अचार्य ब्राम्हण वरण, मण्डप प्रवेश, कुर्मकुटी जलाधिवास होगा।

18 जनवरी को मण्डप देवता आहवान, पूजन मूर्ति अधिवासन धन्याधिवास, घृताधिवास, शर्कराधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, सर्वऔषधिवास होगा। 19 जनवरी को आवाहित देवता पूजन, प्रधानदेवता, शांति होम, वस्त्राधिवास, मूर्तिमहास्नापन सहस्त्रकलशों द्वारा अभिषेक, शाम को रथ यात्रा, नगर भ्रमण, महान्यास, शैयाधिवास किया जाएगा। 20 जनवरी को आवाहित देवता पूजन, अभिजीत मुर्हूत में प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ महाआरती वहीं 21 जनवरी को आवाहित देवता पूजन, श्री हनुमंत आचार्य सहस्त्र पदार्थो द्वारा महाआहूति एवं रामचरित्र मानस पाठ किया जाएगा। 22 जनवरी को कन्याभोज, ब्राम्हण भोज एवं आम भण्डारा किया जाएगा। 23 जनवरी को भजन कीर्तन रामधुनी होगी। इस अवसर पर अखण्ड रामायण पाठ भी चलेगा।

आयोजन में जगह-जगह से संत, महात्मा एवं कथा वाचक शामिल होंगे। गुफा मंदिर धाम से श्रीश्री 1008 महामण्डलेश्वर महंत रामप्रवेश दास महाराज, अयोध्या से वत्स महाराज, वृंदावन धाम ब्रम्हचारी नारद भक्ति आश्रम से विमल चेतन, वृंदावन धाम राधा माधव सेवा संस्थान के प्रमुख चतुरनारायण शास्त्री वान प्रस्थधाम, उज्जैन महाकाल से आचार्य चैतन्य स्वरूप महाराज, गुफा मंदिर भोपाल से आचार्य श्याम महाराज, आचार्य लेखराज शर्मा, आचार्य डॉ. रामकुमार देवलिया, आचार्य डॉ. रमेश त्रिपाठी शामिल होंगे। कार्यक्रम में ब्रम्हा हरिशंकर तिवारी, वेदाचार्य पंडित अनिल रूद्र महाराज भी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेता विशाल पुरोहित, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश के सचिव विष्णु विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## क्षय उन्मूलन के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर

**भोपाल।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक्टिव केस फाइंडिंग कैंपेन के अंतर्गत भोपाल के वृद्ध आश्रमों में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों का उद्देश्य हाईरिस्क ग्रुप्स के बीच जाकर क्षय रोग और असंचारी रोगों की स्क्रीनिंग करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, भोपाल के तत्वावधान में शहर के विभिन्न वृद्ध आश्रमों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 287 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 227 लोगों के नमूने जांच के लिए लिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर 2025 तक टीबी का उन्मूलन करना हमारा लक्ष्य है। हाईरिस्क ग्रुप्स के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए एक्टिव केस फाइंडिंग कैंपेन के तहत विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वृद्ध आश्रमों में इस पहल की शुरुआत की गई है और आगे अन्य हाईरिस्क ग्रुप्स के लिए भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# प्रदेश में एक-एक युवा को उसकी योग्यता, दक्षता के अनुरूप मिलेगा रोजगार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में उद्यमशीलता के माध्यम से हम भारत को एक बार फिर सोने की चिड़िया बनाएंगे। वर्ष 2014 में जब मोदी की सरकार बनी थी, भारत की अर्थव्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां थीं। भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था। हमने अपनी आंतरिक शक्तियों, अनंत संभावनाओं को पहचाना और आज हम आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश में भी तेज गति से विकास हो रहा है। हमारा मध्यप्रदेश 9 करोड़ का परिवार है और आने वाले 5 वर्षों में हम अपनी जीडीपी को दोगुना करने वाले हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगपति हमारी 卐सर्वे भवंतु सुखिन:卐 की सनातन संस्कृति को चरितार्थ करते हैं। एक योद्धा जिस प्रकार युद्ध में देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर देता है उसी प्रकार एक उद्यमी कई परिवारों का भला करता है। यदि हम सभी अपनी-अपनी भूमिका को ठीक ढंग से निभाएं तो सभी का कल्याण होगा और देश तरक्की करेगा। अपने लिए जिए तो क्या जिए, हमें सभी के कल्याण के लिए जीना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरलता, सुगमता के साथ व्यापार, व्यवसाय हमारी औद्योगिक नीति है। राज्य में उद्योगों के अनुकूल वातावरण है। हम उद्योगों को सहकार, सहयोग और सम्मान देते हैं। राज्य में औद्योगिक श्रमिकों की कोई परेशानी नहीं है। पर्यटन, आईटी सेक्टर और रेडीमेड गारमेंट्स आदि क्षेत्रों में उद्योगों को विशेष इंसेन्टिव दिए जाते हैं। रेडीमेड गारमेंट्स में 200 प्रतिशत तक मदद दी जाती है और 10 वर्ष तक 5 हजार रूपये प्रति मजदूर इंसेन्टिव भी दिया जाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक युवा को उसकी योग्यता और दक्षता के अनुरूप रोजगार मिलेगा। मध्यप्रदेश में पिछले कुछ समय में 6 रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव आयोजित किये गए हैं, जिनमें 04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आया है, और इनसे 3 लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मध्यप्रदेश में आगामी 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव आयोजित की गई है। विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को तलाशते हुए, सभी विभाग अपनी नीतियां बना रहे हैं, जो शीघ्र ही तैयार हो जाएंगी। प्रदेश में नव उद्यमिता (स्टार्ट-अप) को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस की सभी को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे लिए विकास का अर्थ केवल भौतिक अधोसंरचनाओं का विकास नहीं है, हम समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब, युवा, महिला और किसानों के कल्याण के लिए मिशन प्रारंभ किया है, जिस पर हम तेजी से कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहडोल, अनूपपुर, उमरिया क्षेत्र धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण हैं, परंतु इस क्षेत्र का विकास कहीं न कहीं रुका हुआ था। अब इनके विकास का समय आया है, आगामी वर्षों में यहां सर्वांगीण विकास होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संतुलित विकास की दिशा में कदम बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश की 7वीं रीजनल इंडस्ट्रीज कान्क्लेव %अपार संभावनाओं की भूमि% शहडोल में आयोजित हुई है। उद्योगपतियों द्वारा यहां अपने अनुभव साझा किये गये है। मध्यप्रदेश की अग्रसर औद्योगिक नीति और अनुकूल औद्योगिक वातावरण से यहां निवेश के निरंतर प्रस्ताव प्राप्त हो रहे है, जो कि हमारी प्रगतिशील औद्योगिक नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हमारा लक्ष्य है शहडोल को एक औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना जो के केवल मध्यप्रदेश नहीं अपितु पूरे देश का औद्योगिक केन्द्र बनें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं सभी उद्योगपतियों और निवेशकों का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने इस कान्क्लेव में शामिल होकर क्षेत्र में निवेश के प्रति की रूचि दिखाई है। राज्य सरकार उद्योगपतियों और निवेशकों को हर संभव सहायता और सहयोग करेगी, जिससे इस क्षेत्र का समग्र विकास हो सकें। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन से शहडोल के नागरिकों में उत्साह और रोमांच का संचार हुआ है। ऐसा आयोजन, जो अब तक केवल बड़े शहरों तक सीमित रहता था, आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शी सोच और प्रदेश के समग्र विकास के संकल्प के कारण संभाग स्तर में संभव हो पाया है। इस कॉन्क्लेव में देशभर से उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और क्षेत्र के विकास में अपनी सहभागिता की इच्छा व्यक्त की। शहडोल संभाग और समूचा विंध्य क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। यहाँ माँ नर्मदा का आशीर्वाद है, कोयले का अपार भंडार है, और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसरों का विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नेतृत्व क्षमता और उनके विज़न के कारण इस क्षेत्र में अब औद्योगिक क्रांति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। सिंचाई परियोजनाओं ने यहाँ हरित क्रांति को संभव बनाया है और अब औद्योगिक निवेश से क्षेत्र के विकास को नयी दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में समूचा मध्यप्रदेश नई औद्योगिक क्रांति की ओर अग्रसर है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने शहडोल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिये मुख्यमंत्री का आभार माना। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में औद्योगिक निवेश से रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। शहडोल संभाग में उद्योगों के लिये पर्याप्त मात्रा में जल, जमीन, जंगल और जन हैं। यहां के परिश्रमी लोग उद्योग को ऊंचाई तक ले जाने में सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरा प्रदेश औद्योगिक निवेश की राह पर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। शहडोल रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव में शामिल 40 से अधिक उद्योगपतियों ने निवेश के कई प्रस्ताव दिए। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की औद्योगिक संवर्धन नीति की प्रशंसा की।

टोरेन्ट पॉवर लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट श्री नवीन कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश की निवेश नीति उद्योगों के अनुकूल है। मध्यप्रदेश निवेश की दृष्टि से आदर्श राज्य है। यहां तय समय-सीमा में निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी जा रही है। प्रदेश में पर्याप्त बिजली पानी और अधोसंरचना की सुविधाएं उपलब्ध हैं। टोरेन्ट पॉवर लिमिटेड प्रदेश में आधुनिक तकनीक पर आधारित थर्मल पॉवर प्लांट लगाने जा रहा है। इससे 1 हजार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी निवेश की इच्छा जताई।

रमणीक पॉवर बालाघाट के उद्योगपति श्री हर्ष त्रिवेदी ने कहा कि हमने मध्यप्रदेश में 50 करोड़ रूपये के निवेश से उद्यम शुरू किया था, जिसे प्रदेश की उद्योग हितैषी नीति से हमने 350 करोड़ के निवेश तक पहुंचाया है। हम अब यहां 500 करोड़ रूपए का निवेश करेंगे। मध्यप्रदेश में अच्छी सड़कें, रेलमार्ग और अन्य सुविधाएं उद्योगपतियों को निवेश के लिए आकर्षित कर रही हैं।






## आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग को लेकर संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा

भोपाल । मध्य प्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री को पत्र सौपकर मांग की है कि केंद्र सरकार के समान मध्य प्रदेश में भी आठवें वेतन आयोग गठित करने की अनुमति दी जाय।

मांग करने वालों कर्मचारी नेताओं में अशोक पांडे इंजीनियर अशोक शर्मा अनिल बाजपेई शैलेंद्र निगम विमलेश रजक अरुण वर्मा सुरसुरी पटेल घनश्याम कटारे राजू शील यादव ध्यानेंद्र खरे राजू सिंह चांद सिंह आदि शामिल है।

मध्य प्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग मजबूत दस्तावेज है केंद्रीय वेतन भत्तों के समान राज के कर्मचारियों को उसका लाभ 1989 में पहली बार मिला था आठवें वेतन आयोग के गठन के बाद प्रदेश के 7~50 कर्मचारियों के वेतन भत्ते दुगने हो जाएंगे केंद्र सरकार ने भीषण महंगाई में आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा करके कर्मचारी हित में निर्णय लिया है केंद्र सरकार द्वारा आठवीं वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देकर केंद्र की कर्मचारियों को तोहफा दिया है आठवें वेतन आयोग के गठन के बाद मध्य प्रदेश के कर्मचारियों में हर्ष का वातावरण निर्मित हो गया है।



1/2

कार्यालय कलेक्टर जिला-भोपाल (म0प्र0)

क्रमांक/ 7// /राज0स्था0/2025 भोपाल, दिनांक 16/01/2025

//आदेश//

शासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से निम्नलिखित तहसीलदार/नायब तहसीलदार को उनके नाम के सम्मुख उल्लेखित तहसील/वृत में आगामी आदेश तक के लिये अस्थाई रूप से पदस्थ/सबद्ध किया जाता है :-

| स.क्र. | राजस्व अधिकारी का नाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री कुनाल राउत तहसीलदार | तहसील कोलार | टी0टी0नगर वृत |
| 2 | श्री सुनील वर्मा तहसीलदार | संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत | शहर वृत |
| 3 | श्री चन्द्रकुमार ताम्रकर तहसीलदार | टी0टी0नगर वृत | तहसील कोलार |
| 4 | श्री एन.एस.परमार तहसीलदार | तहसील हुजूर | तहसील कोलार |
| 5 | श्री अशोक सिंह तहसीलदार | गोविन्दपुरा वृत | संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत |
| 6 | श्री प्रेमप्रकाश गोस्वामी नायब तहसीलदार | तहसील कोलार | तहसील बैरसिया |
| 7 | श्री रामजी तिवारी नायब तहसीलदार | गोविन्दपुरा वृत | तहसील कोलार |
| 8 | श्री संतोष दुबे नायब तहसीलदार | शहर वृत | तहसील हुजूर |
| 9 | श्री राजेश गौतम नायब तहसीलदार | संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत | गोविन्दपुरा वृत |
| 10 | श्री तरूण श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार (परिविक्षाधीन) | नवीन नियुक्ति | टी0टी0 नगर वृत्त |

तहसीलदार/नायब तहसीलदार के मध्य शेष कार्य विभाजन आदेश यथावत रहेगा।
उपरोक्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार का वेतन पूर्ववत आहरित होगा।
यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर
जिला भोपाल

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन





**भोपाल।** मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम 2024-25 के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अनुभूति कराकर पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करना एवं सहभागिता हेतु प्रेरित करने के साथ-साथ वन विभाग एवं विभागीय कार्यों, उत्तरदायित्वों एवं चुनौतियों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से म.प्र. इको पर्यटन विकास बोर्ड, भोपाल के समन्वय से मैं भी बाघ और हम हैं बदलाव की थीम पर आयोजित प्रशिक्षण सह-जागरूकता शिविर वन विहार में आज दिनांक 16.01.2024 को आयोजित किया गया जिसमें शासकीय नवीन कन्या विद्यालय, तुलसी नगर, भोपाल के 99 छात्राओं एवं 03 शिक्षक/शिक्षिकाओं सहित 102 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ. एस. आर. वाघमारे, सेवानिवृत उप वनसंरक्षक के साथ-साथ वन विहार के श्री विजय बाबू नंदवंशी, बायोलॉजिस्ट भी उपस्थित रहे। इस दौरान श्री मीना अवधेशकुमार शिवकुमार, संचालक, वन विहार, श्री सुनील कुमार सिन्हा, सहायक संचालक, वन विहार एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही वन विभाग के अधिकारी श्री संदीप महेश्वरी, एस.सी.एफ., म.प्र. पर्यटन विकास बोर्ड, भोपाल भी उपस्थित रहे।

शिविर में सम्मिलित हुई छात्राओं को अनुभूति बुक, अनुभूति बैग, केप, वन विहार के ब्रोशर के साथ- साथ जलीय पक्षी, स्थलीय पक्षी, तितली प्रजाति, गिद्ध कुंजी के ब्रोशर भी प्रदान किये गये। विद्यार्थियों को मास्टर ट्रेनर एवं नवीन प्रेरकों द्वारा पक्षी दर्शन, वन्यजीव दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण, स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों एवं फूड चैन की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्राओं ने फूडवेब, फूडचेन सम्बंधित खेल खेलकर जानकारी प्राप्त की तथा वन, वन्यजीव व पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियाँ कराई गई, बाघ के ऊपर बनी फिल्म भी दिखाई गई तथा फिल्म के माध्यम से बाघ हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है इसके महत्व के बारे भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त छात्राओं को वन्यजीवों को कैसे रेस्क्यू किया जाता है, इसके सम्बंध में वन विहार में उपलब्ध रेस्क्यू वाहन के माध्यम से रेस्क्यू टीम द्वारा अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री सुनील कुमार सिन्हा, सहायक संचालक, वन विहार द्वारा शिविर में सम्मिलित छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ दिलाई गई, पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।









## कोहेफिजा पुलिस ने शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

भोपाल। कोहेफिजा क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 63 लीटर देशी प्लेन शराब और एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल जब्त की गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 1,50,000 रुपये आंकी गई है। 15 जनवरी 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि हलालपुरा क्षेत्र के ईसाई कब्रिस्तान के पास पल्सर मोटरसाइकिल पर कुछ लोग अवैध शराब बेचने के लिए जा रहे हैं। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपियों को धर दबोचा।

भोपाल के कोहेफिजा क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 63 लीटर देशी प्लेन शराब और एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल जब्त की गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 1,50,000 रुपये आंकी गई है। 15 जनवरी 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि हलालपुरा क्षेत्र के ईसाई कब्रिस्तान के पास पल्सर मोटरसाइकिल पर कुछ लोग अवैध शराब बेचने के लिए जा रहे हैं। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपियों को धर दबोचा।

गिरफ्तार आरोपी: अनिल पिता ओमप्रकाश राय (उम्र 31 वर्ष), निवासी सेकडाखेड़ी, कोतवाली सीहोर, चांद खां पिता बाबू खां (उम्र 45 वर्ष), निवासी सेकडाखेड़ी, कोतवाली सीहोर

बरामद सामग्री: देशी प्लेन शराब 63 लीटर कीमत 25,000 रुपये पल्सर मोटरसाइकिल काले रंग की कीमत 1,25,000 रुपये।

## कोलार समेत कई तहसीलों के तहसीलदारों का हुआ तबादला

भोपाल~ भोपाल जिले में प्रशासनिक भोपाल~ भोपाल जिले में प्रशासनिक फेरबदल के तहत कोलार सहित अन्य नजूल क्षेत्रों के तहसीलदारों का तबादला किया गया है। नई तैनाती के आदेश जारी हो चुके हैं, जिसमें संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

इस फेरबदल का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना बताया जा रहा है। जिन तहसीलदारों का तबादला हुआ है, उनमें कोलार, बैरसिया और अन्य प्रमुख तहसीलों के अधिकारी शामिल हैं।

फेरबदल के तहत कोलार सहित अन्य नजूल क्षेत्रों के तहसीलदारों का तबादला किया गया है। नई तैनाती के आदेश जारी हो चुके हैं, जिसमें संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

इस फेरबदल का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना बताया जा रहा है। जिन तहसीलदारों का तबादला हुआ है, उनमें कोलार, बैरसिया और अन्य प्रमुख तहसीलों के अधिकारी शामिल हैं।

स म्पा द की य

# इसरो की एक और गौरवपूर्ण सफलता

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानि इसरो ने अपनी स्थापना से लेकर आज तक सफलता के कई आयाम तय किये हैं, उसकी सूची में एक और नई सफलता जुड़ गई है। इसने हमें अंतरिक्ष में चौथा देश बना दिया है। इसरो ने गुरुवार को स्पेडेक्स मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो सेटेलाइट्स की डॉकिंग का चौथा प्रयास सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। स्पेडेक्स मिशन की कामयाबी के बाद भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। स्पेस डॉकिंग में निपुणता, भविष्य के मानव मिशन और इंटर प्लैनेटरी मिशन में मददगार साबित होगी।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अंतरिक्ष में दो सैटेलाइट्स की सफलतापूर्वक डॉकिंग कर दी है। यह एसडीएक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) मिशन के तहत किया गया। इस कामयाबी के साथ भारत, अमेरिका,रूस और चीन के बाद ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। यह उपलब्धि गुरुवार को हासिल हुई। इससे पहले 7 और 9 जनवरी को तकनीकी कारणों से इसे टाला गया था। 12 जनवरी को इसरो ने एक परीक्षण किया था,जिसमें उपग्रहों को 3 मीटर की दूरी तक लाया गया था और फिर आगे के विश्लेषण के लिए उन्हें सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था।

इससे पहले इसरो ने 12 जनवरी को जानकारी दी थी



कि स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट प्रोजेक्ट अपने लक्ष्य के बिल्कुल करीब पहुंचने के बाद भी मिशन को पूरा नहीं कर पाया। इसरो ने बताया था कि दोनों सैटेलाइट्स की दूरी को 15 मीटर से 3 मीटर तक लाने की कोशिश सफल रही, जिसके बाद दोनों सैटेलाइट्स को एक दूसरे से दूर कर दिया गया। इसरो ने बताया था कि अब डाटा विश्लेषण के बाद डॉकिंग की कोशिश की जाएगी। 12 जनवरी को डॉकिंग की तीसरी कोशिश थी। उससे पहले भी डॉकिंग प्रक्रिया को दो बार टालना पड़ा था।

इसरो ने एसडीएक्स मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने का चौथा प्रयास किया था, जो सफल रहा। वैज्ञानिकों ने डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। टीम ने पूरी जानकारी का विश्लेषण किया और इस ऑपरेशन की सफलता की पुष्टि की। डेटा की समीक्षा पूरी होने के बाद आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई। इसरो ने अपने बयान में कहा कि दो उपग्रहों को जोड़ने के बाद, दोनों को एक ही वस्तु के रूप में नियंत्रित करने में सफलता मिली है। आने वाले दिनों में उपग्रहों को अलग करने और बिजली हस्तांतरण की जांच की जाएगी।

इसरो के स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन के तहत दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक जोड़ा गया है। इस उपलब्धि के साथ भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद उपग्रह डॉकिंग क्षमता प्रदर्शित करने वाला चौथा देश बन गया है। डॉकिंग में समझिए जैसे दो गाड़ियों को आपस में जोड़ दिया जाए, वैसे ही अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ा गया है। यह बहुत ही मुश्किल काम है,क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण नहीं होता और उपग्रह बहुत तेज गति से घूम रहे होते हैं। तकनीकी समस्याओं के कारण 7 और 9 जनवरी को स्थगित होने के बाद,डॉकिंग प्रक्रिया गुरुवार को पूरी हुई।

असल में अंतरिक्ष में देश के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को अपने बलबूते हासिल करने के लिए डॉकिंग क्षमता बेहद जरूरी है। इन लक्ष्यों में चंद्रमा से नमूने लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएसएस) का निर्माण शामिल है। यह सफलता तेजी से बढ़ते 400 अरब डॉलर के वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में भी मददगार होगी। यह तकनीक हासिल करने के बाद भारत चंद्रमा पर इंसान को भेजने और चांद से नमूने लाने में सहायक होगा। साथ ही भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और संचालन में भी हम आत्मनिर्भर होंगे। इस तकनीक की जरूरत किसी मिशन के लिए एक से अधिक रॉकेट लॉंच करने पर भी होती है।

असल में 1966 में जेमिनी आठ अंतरिक्षयान और एजेना टार्गेट व्हीकल की डॉकिंग प्रक्रिया पूरी कर अमेरिका डॉकिंग क्षमता को प्रदर्शित करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। तत्कालीन सोवियत संघ ने 1967 में कोसमोस 186 और कोसमोस 188 अंतरिक्ष यान को डॉक कर स्वचालित डॉकिंग का प्रदर्शन किया था। फिर चीन ने पहली बार 2011 में डॉकिंग क्षमता का प्रदर्शन किया, जब मानव रहित शेनझोउ 8 अंतरिक्षयान तियांगोंग 1 अंतरिक्ष लैब के साथ डाक किया गया। अब भारत ने इसमें सफलता प्राप्त की है।

इसरो की सफलताओं का अपना इतिहास है। इसरो के वैज्ञानिकों ने दुनिया भर में अपना लोहा एक नहीं, कई बार मनवाया है। पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम भी इसरो के वैज्ञानिक ही थे। इसरो ने भारत को कई मिसाइलें विकसित करके दी हैं और इसके माध्यम से भारत की न केवल साख दुनिया में बढ़ी है, अपितु हमारी युद्धक क्षमता में भी वृद्धि हुई है। हमें इस नई सफलता पर गर्व है। हमें गर्व है हमारे संस्थान पर और हमारे वैज्ञानिकों पर। जय भारत।

# क्या नया भवन कांग्रेस की सियासी तकदीर भी बदलेगा?

**अजय बोकिल**

दुनिया की सबसे पुरानी और अब तक सक्रिय आधा दर्जन पॉलिटिकल पार्टियों में से एक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को अपने जन्म के 140 साल बाद खुद का भवन मिल गया। पार्टी का नया और स्थायी पता अब 9 ए कोटला रोड हो गया है। आजादी के पश्चात देश पर 60 साल तक राज करने वाली इस अनुभवी पार्टी को अपना दफ्तइर बनाने में इतने साल क्यों लग गए, यह भी अपने आप में शोध का विषय है।

कुछ लोगों का मानना है कि राजनीतिक पार्टियों का मुख्य ध्येय सत्ता में बने रहना, अपनी विचारधारा के अनुरूप सरकार चलाना और जन कल्याण के काम करते है न कि भवन खड़े करना। काम तो कहीं से भी किया जा सकता है। क्या और कैसे किया जा रहा है, यह ज्यादा महत्वपूर्ण है। दूसरे शब्दों में कहें तो ज्यादातर सियासी पार्टियां संगठन को संस्थागत रूप देने में लापरवाह रहती हैं। उनका काम तदर्थवाद पर ही चलता रहता है। ऐसे में भवन खड़े करना या न करना बहुत मायने नहीं रखता। संस्थागत विकास के प्रति यह उदासीनता या विवशता अमूमन सत्ता गंवाने पर तो रहती ही हैं, सत्ता मिलने पर भी रहती है। यूं कुछ दूसरी पार्टियों ने समय रहते अपने भवन खड़े कर लिए हैं, लेकिन इस मामले में सबसे ज्यादा सजग भारतीय जनता पार्टी दिखती है, जिसने अपनी स्थापना के 38 साल बाद (अगर इसमे पूर्ववर्ती जनसंघ को भी जोड़ लें तो 67 साल बाद) देश की राजधानी में अपना आलीशान दफ्तर बना लिया था।

बेशक, राजनीतिक काम अपने स्वयं के दफ्तअर से चले या किराए के मकान से, यह बात दीर्घकालिक लक्ष्य के लिहाज से भले गौण लगे, लेकिन पार्टी का स्वयं सुविधासम्पन्न दफ्तघर न केवल नेताओं बल्कि सम्बन्धित पार्टी के कार्यकर्ताओ को भी अलग तरह का आत्मविश्वास और आश्वस्ति प्रदान करता है, इसमें दो राय नहीं।

कांग्रेस के संदर्भ में यह बात और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह इस देश की लगभग डेढ़ सौ साल से मुख्य धारा की पार्टी रही है और अब भी सबसे बड़ा विपक्षी दल है। दुनिया में ऐसी गिनी-चुनी पार्टियां ही हैं, जिनकी स्थापना 19 वीं सदी की शुरूआत या उत्तरार्द्ध में हुई और वो अभी भी अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता कायम रखे हुए हैं। इनमें अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी व रिपब्लिकन पार्टी, ब्रिटेन की कंजरवेटिव और लिबरल पार्टी प्रमुख हैं। दुनिया के बाकी लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक पार्टियों का गठन ज्यादातर 20 वीं सदी की शुरूआत में हुआ। कुछ देशों में 19 वीं सदी में दलीय लोकतंत्र की शुरूआत हुई भी तो वो पार्टियां अब राजनीतिक नक्शों से गायब हैं।



अगर कांग्रेस की ही बात की जाए तो भारत में अंग्रेजों से आजादी के संघर्ष की मुख्य धारा रही है। वह स्वयं एक आंदोलन के रूप में जन्मी और स्वतंत्रता पाने तक केन्द्रीय भूमिका निभाती रही। कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को बंबई (अब मुंबई) में हुई थी। लेकिन तब से लेकर 15 अगस्त 1947 तक उसका अपना कोई स्थायी कार्यालय नहीं था। माना जाता है कि आजादी के पहले तक कांग्रेस का कामकाम इलाहाबाद? स्थित आनंद भवन से चलता था, जो पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का पैतृक निवास था और बाद में उसे उनकी बेटी श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश को समर्पित कर दिया था। आनंद भवन से भी पहले कांग्रेस का काम अलग-अलग जगहों से संचालित होता रहा था। क्योंकि देश को आजाद कराना सबसे बड़ा लक्ष्य था। लेकिन अचरज की बात यह है कि स्वतंत्रता प्राप्ति और देश की सत्ता पर लंबे समय तक काबिज रहने के बाद भी कांग्रेस को नहीं लगा कि उसका अपना दफ्त र भी होना चाहिए। जो जानकारी उपलब्ध है, उसके मुताबिक आजादी के बाद से लेकर अब नया भवन बनने तक कांग्रेस का दफ्तेर पांच जगहों पर चला। इस बीच देश ने कांग्रेस के 6 प्रधानमंत्री देखे।

आनंद भवन के बाद कांग्रेस कार्यालय दिल्ली के 7 जंतर-मंतर से चला, जो 1969 तक कांग्रेस के पहले विभाजन तक रहा। इसके बाद कांग्रेस कार्यालय विंडसर प्लेस में शिफ्ट हुआ, जो तत्कालीन कांग्रेस नेता एम.वी. कृष्णा का निवास था। 1971 में कांग्रेस का दफ्तर वहां से हटकर 5 राजेन्द्र प्रसाद रोड पहुंचा। 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद 1978 में कांग्रेस कार्यालय 24 अकबर रोड शिफ्ट हुआ, जो नया भवन उद्घाटित होने के पहले तक कायम था। यह कांग्रेस सांसद जी वेंकटासामी का निवास था, जो विभाजन में इंदिराजी के साथ आ गए थे। तब इंदिरा गांधी अपने 20 समर्थको के साथ इस नए दफ्त र में दाखिल हुई थीं, जबकि पार्टी के 5 राजेन्द्र प्रसाद रोड पर कांग्रेस के मोरारजी देसाई गुट ने कब्जा कर लिया था। बताया जाता है कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी 1985 में (कांग्रेस स्थापना का शताब्दी वर्ष) में दिल्ली में 5 राजेन्द्र प्रसाद रोड पर पार्टी का एक आधुनिक भवन बनाना चाहते थे।

इसके लिए कांग्रेस सांसदों को एक माह का वेतन देने के लिए भी कहा गया। लेकिन 1991 में राजीव गांधी की हत्या ने सब कुछ बदल दिया। बाद में यूपीए 2 राज में केन्द्रीय शहरी विकास मंत्रालय नए नियमो के तहत कांग्रेस को भवन बनाने के लिए चार एकड़ का प्लॉट आवंटित किया। उसी समय भाजपा को भी मुख्यालय भवन बनाने के लिए जमीन आवंटित की गइ थी।

कांग्रेस के नए भवन का शिलान्यास भी 2013 में तब हुआ, तब देश की सियासी तासीर बदल रही थी। अगले आम चुनाव में कांग्रेस सत्ता से बुरी तरह बेदखल हो गई। लेकिन विपक्ष में रहते हुए भी पार्टी 12 साल में अपना भवन बना सकी। अगर इसकी तुलना भाजपा से करें तो उसने केन्द्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनते ही पहला काम अपना भवन बनाने का किया। 6 दीनदयाल मार्ग स्थित यह भवन 14 माह में बनकर तैयार हुआ। इसे किसी व्यक्ति के बजाए भारतीय जनता पार्टी भवन ही नाम दिया गया है। हालांकि इसकी लागत कितनी है, यह साफ नहीं है, लेकिन कांग्रेस कमलनाथ ने आरोप लगाया था ?कि भाजपा ने मुख्यालय के निर्माण पर 700 करोड़ रू. खर्च किए। जबकि कांग्रेस के नए मुख्यालय पर 292 करोड़ रू. खर्च होना बताया गया है।

मगर देर आयद, दुरूस्त आयद। कांग्रेस का अपना नया भवन बनकर उद्घाटित हो चुका है। लेकिन बवाल यहां भी पीछा नहीं छोड़ रहा। नए भवन को 'इंदिरा भवन' नाम दिया गया है। इस पर भी कई लोगों को ऐतराज है। कहा जा रहा है कि पार्टी कम से कम नामकरण के मामले में तो किसी गैर गांधी को श्रेय दे सकती थी। क्योंकि इस भवन को बनाने में इंदिराजी का कोई योगदान नहीं है। इसलिए भी क्योंकि पार्टी इन दिनो अंबेडकर के अपमान और संविधान बचाने का आंदोलन छेड़े हुए है। जबकि भाजपा स्व. इंदिराजी पर संविधान के अपमान और उसे बदलने का आरोप लगाती रही है। पार्टी चाहती तो नए भवन का नामकरण कांग्रेस भवन भी कर सकती थी, जिसमें कांग्रेस को बनाने में योगदान देने वाले सभी नेताओ और कार्यकर्ताओं का समावेश हो जाता।

किसी राजनीतिक पार्टी का मुख्यालय कब बनता है या नहीं बनता है, इस सवाल को गौण मानें तो भी यह प्रश्न बहुत मौजू है कि क्या नया भवन और पार्टी मुख्यालय कांग्रेस का सियासी भविष्य बदलेगा या नहीं? 2024 के आम चुनावों ने कांग्रेस के लिए थोड़ी उम्मीद जगाई थी, लेकिन विधानसभा चुनावों में वह धूमिल होती दिखी। पार्टी को स्थायी पता जरूर मिल गया है कि आने वाले वक्त में जनसमर्थन का ग्राफ कितना उछलेगा या और नीचे जाएगा, इसका पता खुद पार्टी नेताओंको भी नहीं है। 24 अकबर रोड पर कार्यालय शिफ्ट करते वक्त श्रीमती इंदिरा गांधी ने कहा था कि मैंने एक नहीं, दो दो बार पार्टी को शून्य से खड़ा किया है। मेरा मानना है कि कांग्रेस का नया मुख्यालय आने वाले दशकों में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा और उत्साह का संचार करता रहेगा।

क्या कांग्रेस के नए भवन के उद्घाटन समारोह में राहुल गांधी के संबोधन के बाद वैसा ही माहौल बन सकेगा कि कांग्रेस पहले जैसी निर्णायक स्थिति आ जाए या फिर वह अपने अस्तित्व के अंतिम चरण में जा पहुंचेगी, इसका जवाब आने वाला वक्त देगा। लेकिन यह पार्टी के अपने चश्मे की बात है। हालांकि किसी वास्तु का भी अपना महत्व होता है। नई वास्तु राजनीतिक लाभ का चौघड़िया लेकर आएगी या नहीं, कहना मुश्किल है।

# तालिबान से भारत की उम्मीदें नहीं हो सकती पूरी, अफगान आतंकियों से दोस्ती पर बरतें सतर्कता

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

अफगानिस्तान की भौगोलिक, सामाजिक और राजनीतिक जटिलताओं के बीच कूटनीतिक हित साधना कभी आसान नहीं हो सकता। हालांकि भारत के रणनीतिक हित विशाल हिंदूकुश की पर्वत श्रृंखलाओं तथा मध्य एशिया और दक्षिण एशिया के चौराहे पर स्थित इस देश मे इतने गहरे हैं कि संबंधों की बेहतरी के रास्ते तलाशने की कोशिशें कभी खत्म भी नहीं होती हैं। तालिबान के साथ संयुक्त अरब अमीरात में भारत के शीर्ष राजनयिक की मुलाकात से पाकिस्तान आशंकित है। तालिबान और पाकिस्तान की सेना कई सीमाई इलाकों में एक-दूसरे के सामने है और हिंसक संघर्ष भी बढ़ रहे हैं। पाकिस्तान का पड़ोसी देशों से संघर्षों मे उलझा रहना भारतीय सुरक्षा के लिहाज से बेहतर माना जाता है और तालिबान जैसा आईएसआई का पुराना सहयोगी पाकिस्तान को चुनौती देने लगे तो भू-रणनीतिक दृष्टि से इसके व्यापक संदेश हो सकते हैं।

पिछले कुछ दशकों में भारत ने अफगानिस्तान के नव निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस समय बैंकिंग, सुरक्षा और आईटी सेक्टर की कंपनियों के अलावा अस्पतालों को स्थापित करने में भारत की बड़ी भूमिका है। कृषि, विज्ञान, आईटी और शरणार्थी पुनर्वास के कार्यक्रमों में भी भारत सहयोग दे रहा है। ईरान के चाबहार बंदरगाह से अफ़गान सीमा तक रेल चलाने की भारत की योजना है और इससे भारत यूरोप तक पहुंच सकता है। इसे चीन की वन बेल्ट वन रोड यानि बीआरआई योजना के प्रभाव को रोकने के तौर पर भी देखा जाता है।

**भारत-तालिबान संबंधों में संतुलन आसान नहीं:** साल 2021 में अफगानिस्तान की जमीन से अमेरिकी सेना की वापसी से भारत की उम्मीदों को भी झटका लगा था। 15 अगस्त 2021 को इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान का अंत हो गया था और राष्ट्रपति अशरफ गनी उज्बेकिस्तान भाग गए थे। इस घटनाक्रम के बाद तालिबान की वापसी से भारत का अफगानिस्तान में बने रहना आसान नहीं था। हालांकि तालिबान के इरादे इस बार कुछ अलग नजर आएं और वह भारत के साथ वैसे ही संबंध रखने का इच्छुक दिखाई पड़ा जैसे अफगानिस्तान की अन्य सरकारों से भारत के संबंध रहे हैं। वैश्विक राजनीति में गहरे बदलावों और चीन की चुनौतियों के बीच भारत की कूटनीतिक कोशिशों में अब यथार्थवाद नजर आता है। तालिबान से संबंधों को लेकर भारत ने उदारता भी दिखाई है लेकिन अस्थिरता से जूझते देश में भारत के हितों की सुरक्षा करना बहुत ही दुष्कर कार्य है।

दरअसल, असहमति, आंतरिक संघर्ष, जातीय अलगाव, हिंसा और इस्लामिक धर्म तंत्र के भीतर तालिबान की अधिनायकवादी सत्ता को बनाएं रखने की कोशिश अफगानिस्तान की वास्तविकता है। तालिबान वैश्विक स्वीकार्यता हासिल करने की लगातार कोशिशें कर रहा है और भारत उसके लिए बड़ा मददगार हो सकता है। लेकिन भारत और तालिबान के संबंधों का संतुलित रहना आसान नहीं है और इसमें कई जटिलताएं हैं। अफगानिस्तान के आम लोग अपने देश की बर्बादी के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराते हैं और उससे गहरी नफरत करते हैं लेकिन तालिबान के जन्म और शिक्षा का केंद्र पाकिस्तान ही रहा है। तालिबान के कई नेताओं के संबंध पाकिस्तान कि सेना और आईएसआई से मजबूत रहे हैं। तालिबान की सरकार में हक्कानी नेटवर्क की प्रमुख भागीदारी है।

**पाकिस्तान और हक्कानी नेटवर्क में दोस्ती**



लिबान जहां अफगानिस्तान तक ही सीमित रहना चाहता है, वहीं हक्कानी नेटवर्क के संबंध और हित वैश्विक रहे हैं। भारत के लिए यह स्थिति प्रतिकूलताओं को बढ़ा सकती है। हक्कानी नेटवर्क की मुख्य रूप से प्रभावी जमीन उत्तरी वजीरिस्तान है जो पाकिस्तान में स्थित है। हक्कानी को अफ़गानिस्तान में अमेरिकी, गठबंधन और अफ़गान बलों को निशाना बनाने वाला सबसे घातक और परिष्कृत विद्रोही समूह माना जाता था। हक्कानी नेटवर्क ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास पर साल 2008 और 2009 में दो बड़े आत्मघाती हमले किए थे। अफगानिस्तान के गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के पास कभी पाकिस्तानी पासपोर्ट हुआ करता था। हक्कानी ने अमेरिका के साथ बातचीत के लिए कतर जाने के लिए इस पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था।



हक्कानी को पांच साल के लिए पाकिस्तानी पासपोर्ट जारी किया गया था,जिसका इस्तेमाल उन्होंने अपनी विदेश यात्राओं के लिए किया। हक्कानी के अलकायदा के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध के दौरान जलालुद्दीन हक्कानी ने पाकिस्तानी और सऊदी खुफिया एजेंसियों के बीच अपने संरक्षक बनाए। उसने सीआईए के साथ घनिष्ठ संबंध बनाएं जिससे उसे लाखों डॉलर नकद और हथियार मिले। वह ओसामा बिन लादेन के भी करीब हो गया,जिसने हक्कानी के समर्थन से अल कायदा की स्थापना की थी। हक्कानी नेटवर्क का मुखिया और तालिबान सरकार में कार्यवाहक गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी तापी प्रोजेक्ट पर अपना नियंत्रण चाहता है। तापी यानी तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-इंडिया की एक महत्वाकांक्षी पाइपलाइन परियोजना है। हक्कानी अब पाकिस्तान और खूंखार आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान के बीच सुलह करवाने कि कोशिशें कर चूका है। अफगानिस्तान में कई जातीय गुट है जो शिया और सुन्नी संघर्षो मे शामिल होते हैं। कुर्रम पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर में अफगानिस्तान से लगी हुई एक सुन्दर वादी है।

**पाकिस्तान में शिया-सुन्नी संघर्ष**

कुर्रम में सुन्नी और शिया जनजातियों के बीच अक्सर बड़े पैमाने पर झड़पें हुईं। सुन्नी जनजातियों को कथित तौर पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, लश्कर-ए-झांगवी, सिपह-ए-सहाबा,लश्कर-ए-तैयबा,अल-कायदा और हक्कानी लड़ाकों जैसे समूहों का समर्थन प्राप्त है। वहीं शिया जनजातियों को कथित तौर पर ईरान से संबद्ध कुर्रम हिज्ब-अल्लाह और महदी मिलिशिया का समर्थन प्राप्त है। हक्कानी नेटवर्क में पंजाबी तालिबान और अरब और मध्य एशियाई मूल के लड़ाके शामिल हैं जिन्हें बेहद खतरनाक माना जाता है। आज सिराजुद्दीन हक्कानी अफ़गान तालिबान के शीर्ष नेताओं में से एक हैं। अमरीका के सहयोगियों और भारत का मानना है कि वे अभी भी अफगानिस्तान की शांति और स्थिरता के लिए ख़तरा बने हुए हैं। भारत कि चिंता यह भी है कि तालिबान का पूरे अफगानिस्तान पर नियंत्रण नहीं है।

अफगानिस्तान से लगते हुए वजीरिस्तान में हक्कानी नेटवर्क का प्रभाव है, यह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का भौगोलिक क्षेत्र है जो पश्चिम में अफगानिस्तान से घिरा है। यह इलाका तहरीक-ए-तालिबान का गढ़ माना जाता है। वर्तमान में,अफगानिस्तान में आईएसआईएस के नेता मुख्य रूप से पूर्व पाकिस्तानी तालिबान सदस्य हैं। अफ़गान तालिबान के कुछ सदस्य और कमांडर भी अलग हो गए हैं,जो समूह के भीतर बढ़ते असंतोष को उजागर करता है। अफ़ग़ानिस्तान के ख़ुरासान प्रांत में आईएसआईएस सक्रिय है। ऐतिहासिक क्षेत्र के रूप में खुरासान में अफ़ग़ानिस्तान, पाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, ईरान और बांग्लादेश के कुछ हिस्से शामिल हैं। समूह ने बांग्लादेश में भी ऑपरेशन किए हैं। अफगानिस्तान के पाकिस्तान से लगते हुए कुछ क्षेत्रों पर आईएसआईएस का बड़ा प्रभाव है। नांगरहार, ज़ाबुल तथा उत्तर में कुंदुज़ के कुछ हिस्से तालिबान प्रशासन की चुनौतियां बढ़ा रहे हैं।

**आईएस आतंकी अफगानिस्तान में जमा रहे हैं पैर**

तालिबान एक क्षेत्रीय आंदोलन है, जिसमें पश्तूनों के इलाक़े के बाहर उनकी कोई सक्रियता नहीं है, इसके अधिकांश सदस्य पश्तून ही हैं। आईएसआईएस एक विस्तारवादी संगठन है, जो सीमाओं के परे काम करता है। आईएसआईएस ने शुरू से ही दुनिया भर के विभिन्न जातियों और राष्ट्रीयताओं को अपने साथ जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने अपने साथ अरब,कुर्द, तुर्क़, चेचन,उज़्बेक,कज़ाक, ताजिक और उइगर समुदाय के लोगों को जोड़ने में कामयाबी हासिल की। इस्लामिक स्टेट (आईएस) इस्लाम की सलाफी जिहादी व्याख्या का पालन करता है, जो एक वैश्विक खिलाफत स्थापित करना चाहता है और जो लोग इसके धार्मिक सिद्धांत का पालन करने में विफल रहते हैं, उन्हें धर्मत्यागी और काफिर मानता है। इस्लाम की कट्टरवादी सलाफी विचारधारा आईएसआईएस की पहचान है वहीं तालिबान सुन्नी मुसलमानों की विभिन्न मान्यताओं को स्वीकार करता है तथा कई मामलों में वह अफगानिस्तान में सूफीवाद को भी स्वीकार करता है।

पाकिस्तान की ख़ुफ़िया एजेंसी आईएसआई, तालिबान से अपने हितों की पूर्ति न होने पर अफगानिस्तान में उसके समांतर कई संगठन खड़े कर सकती है। इसमें उसका मददगार हक्कानी नेटवर्क हो सकता है। तालिबान प्रशासन को ऐसे कई संकेत मिले हैं जिसमें यह दावा किया गया है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान में आईएसआईएस को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है। हक्कानी नेटवर्क के बारे में यह तथ्य सामने आ चुके हैं जिसके अनुसार उन्होंने साल 2019 और 2021 के बीच आईएस-खुरासान के साथ समन्वय किया था। अफ़ग़ानिस्तान में आईएस-केपी आतंकवादियों की संख्या लगभग चार हजार से छह हजार के बीच बताई जाती है। इसमें पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान में रहने वाले सलाफी और विदेशी समर्थक शामिल हैं। पाकिस्तान तालिबान के खिलाफ सलाफी विचारधारा को बढ़ावा दे सकता है। इसमें कई सुन्नी आतंकी संगठन उसके मददगार हो सकते हैं। सिराजुद्दीन हक्कानी तालिबान की आलोचना करने से परहेज नहीं करते। वे सार्वजनिक रूप से यह कह चुके हैं कि तालिबान का नेतृत्व सत्ता पर एकाधिकार कर रहा है और सरकार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहा है।

**तालिबान की दरार का फायदा उठा सकता है पाक**

अफगानिस्तान में तालिबान और हक्कानी नेटवर्क के बीच अंतर्विरोध की स्थिति का फायदा पाकिस्तान उठा सकता है। वह हक्कानी नेटवर्क के अलकायदा और आईएस आईएस से संबंधों के आधार पर तालिबान के खिलाफ एक मजबूत संगठन खड़ा कर सकता है। तालिबान के शासन में अफगानिस्तान में गरीबी से लोगों का बुरा हाल है। वैश्विक मान्यता इस सरकार को हासिल नहीं है, ऐसे में तख्तापलट का इतिहास यहां फिर दोहराया जा सकता है। अफगानिस्तान के घने और ठंडे पर्वतीय प्रदेश,ऊंची ऊंची घाटियां, ऊबड़ खाबड़ रास्ते मुजाहिदीनों के लिए सुरक्षित पनाहगाह माने जाते हैं। पाकिस्तान प्रशिक्षित मुजाहिदीन धर्म और कट्टरपंथ के आधार पर किसी भी शासन व्यवस्था को चुनौती दे सकते हैं। पाकिस्तान अफगानिस्तान को युद्ध का मैदान बनाएं रखने के लिए तालिबान के सामने आईएस समर्थित वैश्विक लड़ाकों की फौज को अफगानिस्तान के कई मोर्चों पर भेजने की योजना को अंजाम दे सकता है।

अफगानिस्तान का इतिहास बेहद रक्तरंजित रहा है और कबीलाई संस्कृति वाला यह देश पिछलें कई दशकों से पाकिस्तान की नापाक साजिशों का शिकार रहा है। ये परिस्थितियां भारत जैसे लोकतांत्रिक देश की चुनौतियां बढ़ाती हैं। लोकतांत्रिक संभावनाओं को खत्म करने वाली तथा अंतर्विरोध और विरोधाभास से जूझती तालिबान सरकार के साथ भारत का सहयोग वर्तमान परिस्थितियों में अनुकूल दिखाई दे रहा है। लेकिन अशांत अफगानिस्तान की जमीन पर तालिबान के साथ मिलकर भारत किसी दीर्घकालीन नीति पर काम कर सके तथा सफलता हासिल कर सके इसकी संभावना कम ही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# शीतलहर के मद्देनजर नर्सरी से कक्षा आठवीं तक 17 एवं 18 को स्कूलों में अवकाश घोषित

**रतलाम।** जिले में तापमान में गिरावट को देखते हुए शीत ऋतु में विद्यार्थियों की स्वास्थ्य, सुरक्षा हेतु कलेक्टर राजेश बाथम ने आदेश जारी कर जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई आदि समस्त शैक्षणिक संस्थानों में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए 17 तथा 18 जनवरी को अवकाश घोषित किया है।

# मकर संक्रांति पर पतंगों की ऊंचाई और अपनों के साथ ने बढ़ाई खुशियां



धार। विद्यार्थियों को सभी त्योहारों से जोड़ने के लिए लोटस इंटरनेशनल स्कूल सादुलपुर ने खेल ग्राउंड में पतंग उत्सव का आयोजन म्यूजिक साउंड के साथ किया। विद्यालय के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पतंगबाजी में अपनी रुचि दिखाई। बहुत खुश हुए। इस त्योहार को मनाने के साथ विद्यालय के डायरेक्टर्स जितेंद्रसिंह राजावत, राजेंद्र माहेश्वरी, देवराज प्रजापत, आनंद प्रजापत ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। त्योहार को मनाने के लिए सावधानी बरतने की भी सलाह दी। मकर संक्रांति का त्योहार हर साल खुशी, उमंग और नई शुरुआत का संदेश लेकर आता है। यह पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है। यह दिन सूर्यदेव की पूजा, पारंपरिक व्यंजन और परिवार के मेलजोल का त्योहार है। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र पटेल ने बताया कि मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है। जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। यह दिन सिर्फ धार्मिक महत्व नहीं रखता, बल्कि इसका संबंध विज्ञान, कृषि और सामाजिक जीवन से भी है। मकर संक्रांति को नई ऊर्जा, नई फसल, और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। यह जानकारी संस्था के शिक्षक सेंटी नर्वल ने दी।

# पटेरा पुलिस ने पकड़ी 7 पेटी अवैध शराब



दमोह जिले के अवैध शराब पर पटेरा पुलिस की कार्यवाही श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देश पर निरी. सरोज ठाकुर थाना प्रभारी पटेरा को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर की गई कार्यवाही। जहा पर सफ़ेद ऑल्टो कार से 350 पाव (62 लीटर) अवैध शराब ज़ब्त की आरोपी मन्नूलाल पिता नाथूराम पटेल निवासी पडरी थाना पटेरा के विरूद्ध आवकारी अधिनियम की धारा 34(2)मामला दर्ज़। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा।

# अमेजन इंडिया की 'डिब्बों से बढ़कर' पहल महाकुंभ मेले में आरामदायक रातों का करती है वादा

**बैंगलोर।** अमेजन इंडिया हर 12 साल में एक बार आयोजित किये जानेवाले 2025 के महा कुंभ मेला में उपस्थितों के अनुभव को बढ़ाने के लिए एक अभिनव विचार के साथ एक चुनौती का समाधान करने के लिए तैयार है। जनवरी और फरवरी में लाखों श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इस 45 दिवसीय मेले में एकत्र होंगे। इस कार्यक्रम के दौरान आरामदायक विश्राम की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, अमेजन इंडिया ने एक अनोखी पहल शुरू की है, जिसके तहत वे अपनी सिग्नेचर कार्डबोर्ड पैकेजिंग बॉक्स को पोर्टेबल बिस्तरों में बदलेंगे, जिसका उद्देश्य उपस्थितों को आरामदायक नींद प्रदान करना है।

## ट्राइडेंट ग्रुप ने 3,000 कुशल व्यक्तियों को नियुक्ति के लिए राष्ट्रव्यापी कर्मयोगी भर्ती अभियान किया शुरू

नईदिल्ली, एजेंसी। वैश्विक बिज़नेस समूह ट्राइडेंट ग्रुप ने अपने कर्मयोगी भर्ती अभियान की शुरुआत की घोषणा की है। भर्ती अभियान का लक्ष्य भारत भर में 3,000 कुशल व्यक्तियों को नियुक्ति करना है। यह पहल एक समावेशी, सशक्त समुदाय के निर्माण और राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए ट्राइडेंट ग्रुप की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कर्मयोगी भर्ती अभियान विशेष रूप से पंजाब में धौला, संघेरा और मध्य प्रदेश में बुधनी क्षेत्र पर केंद्रित होगा, जहां ट्राइडेंट समूह की विनिर्माण सुविधाएं स्थित हैं । कर्मयोगी भर्ती अभियान में महिला आवेदकों और खेल पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की नियुक्ति पर विशेष जोर दिया जाएगा। 3,000 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करके, ट्राइडेंट ग्रुप न केवल 15,000 से अधिक पारिवारिक सदस्यों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हुए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेगा और साथ ही राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में योगदान देने में भी मदद करेगा।

## दिसंबर 2024: बीमा कंपनियों का बड़ा धमाका, प्रीमियम कलेक्शन में 9.91 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़त

नईदिल्ली, एजेंसी। लाइफ इंश्योरेंस काउसिंल ने दिसंबर 2024के इंडस्ट्री के नवीनतम कारोबारी आंकड़े जारी किए हैं। भारतीय जीवन बीमा कंपनियों ने दिसंबर 2024 में रिकॉर्ड नए व्यवसाय के आंकड़े दर्ज किए हैं। इनकेप्रीमियम कलेक्शन में 9.91 प्रतिशत की बढ़त हुई है। लाइफ इंश्योरेंस काउसिंल द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, जीवन बीमा इंडस्ट्री में दिसंबर 2024 में सालाना आधार पर व्यक्तिगत सिंगल प्रीमियम में 13.52 प्रतिशत की बढ़त हुई और यह 4633.12 करोड़ रुपये पर बंद्हुआ, जबकि इसमें जनवरी से दिसंबर तक की अवधि में13.68 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। दिसंबर 2024 में व्यक्तिगत गैर-एकल प्रीमियम 12467.51 करोड़ रुपये पर रही और इसमें 4.53 प्रतिशत की बढ़त हुई, जबकि वायटीडी (जनवरी से दिसंबर)संग्रह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 14.53 प्रतिशत अधिक रहा। इस मजबूत प्रदर्शन का श्रेय इस तथ्य को दिया जा सकता है कि जीवन बीमाकर्ता पहली बार जीवन बीमा खरीदने वालों को आवश्यक जीवन बीमा समाधान खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने पर अधिक फोकस कर रहे हैं, जिससे दिसंबर 2024 में संयुक्त व्यक्तिगत प्रीमियम कलेक्शन में 6.82 प्रतिशत की बढ़त और वायटीडी आधार पर 14.26 प्रतिशत की बढ़त हुई।

# कलेक्टर ने संभागीय कमिश्नर को 5 सीईओ समेत 30 अधिकारियों की 2-2 वेतन वृद्धि रोकने का भेजा प्रस्ताव




पन्ना- पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों तथा समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों का समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध असंचयी प्रभाव से दो-दो वेतनवृद्धि रोकने संबंधी अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव संभागायुक्त सागर को प्रेषित किया है।

इन अधिकारियों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शाहनगर रोहित मालवीय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पन्ना आनंद शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुनौर धीरज चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवई अखिलेश कुमार उपाध्याय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़ सतीश नागवंशी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पन्ना अशोक कुमार मिश्रा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी शाहनगर डॉ. रागिनी तिवारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अजयगढ़ नंदपाल सिंह, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुनौर रामकुमार प्रजापति, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पवई हुकुम सिंह यादव, प्रभारी तहसीलदार अजयगढ़ सुरेन्द्र अहिरवार, तहसीलदार गुनौर रत्नराशि पाण्डेय, प्रभारी तहसीलदार पन्ना अखिलेश प्रजापति, प्रभारी तहसीलदार पवई प्रीति पंथी, तहसीलदार रैपुरा चन्द्रमणि सोनी, तहसीलदार सिमरिया कैलाश प्रसाद कुर्मी, बीएमओ अजयगढ़ डॉ. सुनील अहिरवार, बीएमओ अमानगंज डॉ. अमित मिश्रा, बीएमओ शाहनगर डॉ. सर्वेश लोधी, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग पन्ना के.के. श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग गुनौर ए.के. मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग पवई राजमणि बागरी, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन, सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ. अरूण मसराम और जिला संयोजक आर.के. सतनामी की दो-दो वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव भेजा गया है।

# मेला हमारी प्राचीन परम्पराओं, संस्कृति और उमंग व उल्लास का प्रतीक है:राज्यमंत्री पटेल



दमोह -प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) लखन पटेल ने गृह ग्राम मढ़ला में लगभग 100 से अधिक वर्षों से निरंतर प्रतिवर्ष मकर संक्रांति पर्व पर लगने वाले अदवल्या धाम मेले का शुभारंभ अदवल्या बब्बा का पूजन कर किया। राज्यमंत्री पटेल ने कहा इस मेले को लगते हुए लगभग 100 साल से अधिक का समय हो गया है, यहां के अदवल्या बब्बा हमारे कुल देवता है, बहुत छोटे से इसे देखते आ रहे हैं। यहां पर सभी स्नेह और प्रेम के साथ आते हैं मेला 6 से 7 दिन चलता है। उन्होंने कहा पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह से बात करेंगे कि इस मेले को संस्कृति विभाग से जोड़ दिया जाए। इस मेले में हमारे परिवार के लोग हमेशा आते हैं, दर्शन करने की बहुत पुरानी परंपरा चली आ रही है। उन्होंने इस मेले में आए सभी श्रद्धालुजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान राज्यमंत्री लखन पटेल ने मेले में आए कलाकारों एवं आमजनों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उन्होंने कहा मेला हमारी प्राचीन परम्पराओं, संस्कृति और उमंग व उल्लास का प्रतीक है। इस क्रम को बनाये रखने के लिए सभी क्षेत्रवासियों का धन्यवाद। यह मेला 06 से 07 दिवस लगाया जायेगा। यह मेला संस्कृति की प्राचीन धरोहर को संजोए हुए हैं। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्यमंत्री श्री पटेल ने शाल श्रीफल से कलाकारों का सम्मान किया।

# अवैध मुरम उत्खनन करते चैन माऊंटेन पोकलेन मशीन और 10 पहिया डम्फर जप्त




**बैतुल सांध्य प्रकाश** पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया के द्वारा अवैध उत्खनन करने वालो के विरूध्द कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम मे अति.पु.अ. कमला जोशी एवं एसडीओपी शालिनी परस्ते के मार्ग दर्शन में कोतवाली पुलिस एवं मायनिंग टीम के द्वारा 01 चैन माऊंटेन पोकलेन मशीन एवं दो 10-10 पहिया डम्फर वाहन कुल कीमती करीबन 80 लाख रूपये को पकडने में सफलता हासिल की है। रात्री करीबन 1 से 2 बजे के बीच विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सोनाघाटी के शिव मंदिर के साईड में एक पोकलेन मशीन के द्वारा पहाडी में मुरम की खुदाई कर डम्फरो में भरकर ले जा रहे है। बल्कि अवैध मुरम उत्खनन किया जा रहा है। सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस एवं मायनिंग की संगठित टीम तैयार कर मौके पर पंहुचे तो देखा कि एक चैन माऊंटेन पोकलेन मशीन सोनाघाटी की पहाडी में अवैध मुरम की खुदाई कर रही थी तथा उक्त मशीन से दो 10 पहिया वाहन डम्फर मे अवैध मुरम भरकर अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था जो मौके पर अवैध मुरम उत्खनन पाये जाने पर 01 पीले रंग की चैन माऊंटेन पोकलेन मशीन तथा 02 दस पहिया वाहन डम्फर क्र. एम पी 48 एच 5560 तथा एम एच 27 एक्स 0801 कुल कीमती करीबन 80 लाख रूपये को विधिवत जप्त किया गया। एवं पोकलेन मशीन एवं दोनो डम्फरो को सुरक्षार्थ थाना कोतवाली बैतूल परिसर में खडा किया गया है। एवं जप्त शुदा पोकलेन मशीन एवं दोनो डम्फरो के विरूध्द विधिवत कार्यवाही की जा रही है।

# आखिर क्यों मेहरबान होती रही इटारसी नगरपालिका युनूस सैफी उर्फ राजा पर

## राजा भाई-भतीजा के लायसेंस पर करता था रजिस्ट्री का काम-काज

**इटारसी- बी एल श्रीवास्तव**

लंबे समय से संदेहास्पद इकलौता अधिवक्ता बना सर्विस प्रोवाइडर के नाम से पहचाने जाने वाला सैफी नगर पालिका की रजिस्ट्रीयों का काम काज देखता था आखिर क्यों ?
सूत्रों कि माने तो राजा सैफी ने? पूर्व में भी कई फर्जी-प्लॉट और खेती की जमीनों की रजिस्ट्रीयां कि है जिसकी जांच होगी तो बड़े खुलासे सामने आ सकते है। राजा अधिवक्ता है , नियमानुसार उसे सर्विस प्रोवाइडर का लाइसेंस नहीं मिल सकता इसलिए भाई-भतीजा के नाम से गलत तरीके से सर्विस प्रोवाइडर के लायसेंस पर काम करता था जो अब निरस्त होना चाहिए।

2018 न्यास कालोनी के प्लॉट बनाकर बेचने के फैसले के दौरान जेल से वीसी पर जुड़े संजीव श्रीवास्तव और राजा सैफी दोनों रोते हुए न्यायालय से माफी की गुहार लगाते रहे। तत्कालीन आर आई संजीव श्रीवास्तव ने जेल से हुई वीसी के दौरान कहा कि मुझे आगे मौका मिला तो मैं इस मामले के असली दोषियों के नाम बताने को राजी हूं जो अभी बाहर हैं, लेकिन न्यायालय ने कहा कि आपको ट्रायल के दौरान कई मौके देकर सरकारी गवाह बनने को कहा गया अब यह नहीं होगा। बचाव पक्ष के वकीलों ने दोनों आरोपितों की बीमारी छोटे बच्चों और परिवार के पालन पोषण के अलावा पूर्व में किसी मामले में दोष सिद्ध न होने की दलील दी, जिस पर न्यायालय संतुष्ट हुआ, इसी आधार पर न्यूनतम सजा सुनाई गई। सरकारी अधिवक्ता के अनुसार अगर कोई सर्विस प्रोवाइडर किसी क्रय-विक्रय की सम्पत्ति में शासन को गलत जानकारी देकर क्रय -विक्रय करता है और मामला उजागर होता है तो नियमानुसार शासन के द्वारा लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाती है लेकिन इटारसी नगर पालिका के जिम्मेदारों ने किस आधार पर मामला उजागर होने के बाद भी अपनी कृपा बरसाते रहे ये सवाल तो अभी गर्त में है।

# जिनधर्म की प्रभावना के साथ निकली श्री पालकी जी शोभायात्रा



दैनिक सांध्य प्रकाश। गंज बासौदा ।श्री वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के द्वितीय दिवस तारण तरण जैन समाज के द्वारा श्री जिनवाणी पालकी जी शोभायात्रा निकाली गई जो बरेठ रोड स्थित श्री तारणभूमि चैत्यालय से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री तारण तरण दिगंबर चैत्यालय धूसरपुरा जी पहुंची जहां धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मुख्य वेदीजी एवं सभी शिखरों का कलशारोहण हुआ संपूर्ण आयोजन में भक्ति एवं आध्यात्म का एक सुंदर समायोजन देखने को मिला जिसमें सारे भारतवर्ष से आये तारण तरण समाज के लोग मौजूद रहे समवशरण मंडप में प्रभात फेरी मंत्र जाप एवं प्रवचन के बाद तारणभूमि चैत्यालय से श्री पालकी जी शोभायात्रा प्रारम्भ हुई जिसमें रजत पालकी जी में तारण स्वामी द्वारा रचित 14 ग्रंथ विराजमान थे जिसे श्रद्धालू अपने कंधे पर उठाकर चल रहे थे वहीं सभी वेदीसूतन कर्ता सौभाग्यशाली भी शामिल रहे यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नगर के कई सामाजिक व्यापारिक संगठनों जनप्रतिनिधियों ने पालकी जी की आरती उतारकर धर्म लाभ लिया एवं शामिल लोगों पर अक्षत वर्ष की स्वचलित रथ पर विराजमान की हस्तलिखित पांडुलिपिया एक स्वचालित रथ पर गुरुदेव तारण स्वामी द्वारा रचित ग्रंथों की हस्तलिखित पांडुलिपियों को पूरे सम्मान के साथ विराजमान किया गया था उस रथ को श्रद्धालु अपने हाथों से खींचकर बहुमान के साथ आगे बढ़ रहे थे

पालकी जी की अगवानी के लिए पूरे मार्ग भर में द्वार सजाए गए थे वही नगर वासियों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों के बाहर तोरण द्वार सजाकर रंगोली बनाई थी एवं शामिल शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को पानी पिलाकर उनका स्वागत किया जिससे शोभायात्रा में सामाजिक सद्भाव की एक अनूठी मिसाल शहर में दिखाई दी

शोभायात्रा में इतिहास रत्नाकर बाल ब्रह्मचारी बसंत जी महाराज बा. ब्र. आत्मानंद जी महाराज बा. ब्र. शांतानंद जी महाराज ब्र. मुक्तानंद जी महाराज ब्र.धर्मेंद्र भैया जी सहित कई साधक साधिकायें शामिल रही साधकों द्वारा अपने प्रवचन में वेदी प्रतिष्ठा एवं कलशारोहण का महत्व समझाया गया

शोभायात्रा में चल रहे चलित मंच पर संगीतकारों के द्वारा सुंदर भजन गाए जा रहे थे जिनकी धुन पर श्रद्धालु नाचते गाते जयकारा ल लगाते चल रहे थे चहुंऔर जो जहां था वहीं भक्ति में लीन रहा

शोभा यात्रा में दिव्यघोष बालिका मंडल धूसरपुरा की बेटियों ने सुंदर दिव्य घोष का वादन प्रस्तुत किया वही विभिन्न महिला एवं बालिका मंडल की सदस्यों ने चाचड़ डांडिया गरबा का पूरे अनुशासन और सादगी के साथ प्रस्तुतीकरण किया

श्री तारण तरण युवा विवेक मंडल एवं श्री तारण तरण शांति सेवादल के नौजवानों के द्वारा बजाई गई दिव्यघोष की ध्वनियों ने माहौल को गुंजायमान कर दिया वहीं नागपुर से आई राजमाता ध्वज तासा पार्टी के युवक युवतियों का प्रस्तुतीकरण आकर्षण का केंद्र रहा

शोभायात्रा एवं कलशारोहण के बाद रात्रि में भक्ति और प्रवचन उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ इस भव्य कार्यक्रम में दूर-दूर से जैन समाज के श्रद्धालु धर्म लाभ लेने पहुंचे

## आदतन अपराधी चार माह के लिए जिलाबदर

औबेदुल्लागंज (संवाददाता )-कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविंद दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत विभिन्न अपराधों में आरोपी सूरज सिंह पिता मोहन सिंह निवासी ग्राम बिजौरा थाना बेगमगंज जिला रायसेन को 04 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2009 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी सूरज सिंह को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 04 माह के लिए निष्कासित किया गया है। उपरोक्त आरोपी जिस जिले में निवास करेगा उस जिले के पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित थाना प्रभारी को अपनी उपस्थिति के संबंध में निरंतर सूचित करेगा। आरोपी द्वारा निष्कासन/जिलाबदर की अवधि में इस आदेश का उल्लंघन करने पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 की धारा-14 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## दुर्लभ स्पाइन विकार से पीड़ित बच्चे की मल्टीमोडैलिटी इंट्राऑपरेटिव मॉनिटरिंग-गाइडेड सर्जरी की



**सतना।** नागपुर क्षेत्र में जटिल पेडियाट्रिक स्पाइन विकृति के लिए पहली बार मल्टीमोडैलिटी इंट्राऑपरेटिव न्यूरोमॉनिटरिंग गाइडेड सर्जरी सफलतापूर्वक की गई, जो उन्नत न्यूरोलॉजिकल उपचार में महत्वपूर्ण साबित हुई। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने वोक्हार्ट सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, नागपुर को मध्य भारत में अत्याधुनिक चिकित्सा उपचार का प्रमुख केंद्र बना दिया है। एक 3 साल के बच्चे को चलने में कठिनाई और मल/मूत्र पर नियंत्रण खोने की शिकायत के साथ वोक्हार्ट हॉस्पिटल लाया गया। उसके रीढ़ की हड्डी में असामान्य झुकाव (जिसे स्कोलियोसिस कहा जाता है) और दोनों पैरों में ऑर्थोपेडिक विकृति (बायलैटरल क्लब फीट) भी थी। उसकी एमआरआई और सीटी स्कैन से एक जटिल असामान्यता का पता चला, जिसमें रीढ़ की हड्डी दो भागों में विभाजित थी और इसके बीच एक हड्डी की नोक थी और निचले हिस्से में फैटी ट्यूमर था और रीढ़ की हड्डी का निचला सिरा सामान्य से नीचे स्थित था। इस विकृति को डायस्टेमेटोमाइलिया विद हेमिकॉर्ड एंडिंग इनटू कंटिग्यूस डोर्सल लिपोमा एंड टेथर्ड फिलम टर्मिनाले विद फैटी इन्फिल्ट्रेशन कहा जाता है, (यानी डायस्टेमेटोमाइलिया जिसमें हेमीकॉर्ड का अंत सन्निहित पृष्ठीय लिपोमा और फैटी इन्फिल्ट्रेशन के साथ टेथर्ड फिलम टर्मिनल में होता है) जो एक बहुत ही दुर्लभ विकार है। जटिल विकृति और कार्यशील नसों के पास असामान्य हड्डी और ट्यूमर के बहुत करीब होने के कारण, यह सर्जरी बहुत जोखिम भरी थी, जिसमें गलती की कोई गुंजाइश थी, और यह मरीज को दोनों अंगों से पैरेलाइज्ड और जीवनभर बिस्तर पर पड़े रहने का कारण बन सकती थी।

# सुरखी विधानसभा का युवा रचेगा इतिहास, 3 महीने में खेलेंगे 10 हजार खिलाड़ी : गोविंद सिंह राजपूत

## क्रिकेट महाकुंभ में विजेता टीम को 1 लाख रुपये, उपविजेता को 51 हजार और मैन ऑफ द मैच 21 हजार की राशि से पुरस्कृत किया जायेगा - आकाश सिंह राजपूत



भोपाल। सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र में से क्रिकेट महाकुंभ का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी के चक्र मैदान में आयोजित इस भव्य आयोजन का शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री राजपूत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए क्रिकेट बैट थामकर उनकी हौसला-अफजाई की। एक तरफ कार्यक्रम में मौजूद विशेष अतिथि मोनू सिंह मोकलपुर ने बॉलिंग की तो पिच पर बल्लेबाजी कर रहे मंत्री सिंह ने उनकी दूसरी बॉल पर चौका जमा दिया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय भी लिया।

सुरखी के चक्र मैदान में आयोजित इस भव्य टूर्नामेंट में आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह युवाओं को एकजुट करने का भी माध्यम है। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि इस क्रिकेट स्पर्धा को महाकुंभ का नाम इसलिए दिया गया है, क्योंकि इस आयोजन में करीब 550 से अधिक टीमें हिस्सा ले रही हैं। जबकि कई प्रतियोगिताएं कुछ दिन तक सीमित रहती है। युवा शक्ति संगठन द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता पहले भी विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है। इस तरह के आयोजनों से नई प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है। अब वह दिन दूर नहीं है जब सुरखी विधानसभा के युवा आईपीएल जैसे मैचों में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे स उन्होंने कहा कि मैच में जितनी भी टीमें हिस्सा ले रही हैं, उनको किट खरीदने के लिए 2500 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। उधर मंडल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में मंडल विजेता टीम को 21 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 11 हजार रूपए और मैन आफ द मैच 5 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। मंडल स्तर से जीती हुई टीमें महाकुंभ प्रतियोगिता में शामिल होंगी, जिसमें विजेता टीम को 1 लाख रुपए, उप विजेता टीम को 51 हजार और मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को 21 हजार की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। मंत्री सिंह ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा शक्ति संगठन ने इस आयोजन को भव्य रूप से सफल बनाने के लिए जो प्रयास किए हैं, वह सराहनीय हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ मैदान पर उतरने और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने की अपील की।

युवा शक्ति संगठन के सदस्य आकाश सिंह राजपूत ने कहा कि यह आयोजन केवल सुरखी विधानसभा ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। वर्ल्ड बुक ऑफ लंदन में अपना नाम दर्ज करा चुका यह क्रिकेट महाकुंभ सुरखी विधानसभा के युवा शक्ति संगठन के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाने में युवा शक्ति संगठन की मेहनत और समर्पण है। जिनके बगैर इस भव्य आयोजन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती। यह टूर्नामेंट युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देता है साथ ही यह खेल और टीम भावना को बढ़ावा देने के लिए एक आदर्श पहल है। उन्होंने कहा कि श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग की शुरुआत की गई है। जिसमें मेरा सपना है कि बुंदेलखंड की टीम भी लेदर बॉल से अपनी कला का प्रदर्शन दिखाते हुए अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस टीम में बुंदेलखंड के साथ ही सुरखी विधानसभा के होनहार खिलाड़ी भी शामिल हों जो इस मंच से निकाल कर आएं हैं और आगे जाकर यही खिलाड़ी आईपीएल जैसे खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाएं। कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि के तौर पर मोनू सिंह मोकलपुर, नगर पालिका अध्यक्ष ओंकार सिंह राजपूत, नर्मदा सिंह, सत्येंद्र सिंह, विजय सिंह बरकोटी, बुंदेल सिंह, अवध किशोर मिश्रा, पुष्पेंद्र दुबे, गोविंद सिंह मोकलपुर, श्रीकांत दुबे, विजय भान सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह, रानू राजपूत, सुशांत सिंह राजपूत, शिवम हीरो, जॉन्टी शुक्ला समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि में दशरथ लाल विश्वकर्मा आयु-50 वर्ष पुत्र श्री खिलानसिंह विश्वकर्मा निवासी-ग्राम पचमा तहसील गंजबासौदा,जिला विदिशा म.प्र. यह कि मेरा सही नाम **दशरथलाल विश्वकर्मा पुत्र श्री खिलानसिंह विश्वकर्मा** निवासी ग्राम पचमा तहसील गंजबासौदा,जिला विदिशा म.प्र. यह कि मेरा पुराना आधारकार्ड, वोटरकार्ड,राशनकार्ड,अंकसूची,आदि पुराने दस्तावेजों में नाम दशरथलाल विश्वकर्मा पुत्र श्री खिलानसिंह विश्वकर्मा चला आ रहा है। तकनीकी समस्या के कारण मेरे नये आधार कार्ड क्रमांक 212113718932 में गलत नाम **गोपाल जन्मतिथि 01.01.1976 पुत्र श्री हिम्मतसिंह** निवासी ग्राम पचमा जिला विदिशा दर्ज हो गया था, जो कि पूर्णतः गलत है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नये आधार कार्ड में गलत नाम **गोपाल पुत्र श्री हिम्मतसिंह** के स्थान पर **दशरथ लाल विश्वकर्मा पुत्र श्री खिलानसिंह विश्वकर्मा** नाम सशोधित किया जा रहा है अब मुझे मेरे सही नाम दशरथलाल विश्वकर्मा पुत्र श्री खिलान सिंहविश्वकर्मा के नाम से जाना जावेगा यह सर्व साधारण को विदित हो।

दिनांक 16.01.2025

**भवदीय**
**दशरथ लाल विश्वकर्मा पुत्र श्री खिलानसिंह विश्वकर्मा**
**निवासी-ग्राम पचमा तहसील गंजबासौदा,जिला विदिशा म.प्र.**

## सोशल मीडिया से

### होंठों पर मुस्कान छाएगी एक बार

एक नवयुवती जब छज्जे पर बैठी है

केश खुले हुए हैं और चेहरे को देखकर लगता है की वह उदास है। उसकी मुख मुद्रा देखकर लग रहा है कि जैसे वह छत से कूदकर आत्महत्या करने वाली है।

विभिन्न कवियों से अगर इस पर लिखने को कहा जाता तो वो कैसे लिखते.....

**मैथिली शरण गुप्त–**
अट्टालिका पर एक रमणी अनमनी सी है अहो
किस वेदना के भार से संतप्त हो देवी कहो ?
धीरज धरो संसार में, किसके नहीं है दुर्दिन फिरे
हे राम ! रक्षा कीजिए, अबला न भूतल पर गिरे।??

**काका हाथरसी–**
गोरी बैठी छत पर, कूदन को तैयार
नीचे पक्का फर्श है, भली करे करतार
भली करे करतार, न दे दे कोई धक्का
ऊपर मोटी नार, नीचे पतरे कक्का
कह काका कविराय, अरी मत आगे बढ़ना
उधर कूदना मेरे ऊपर मत गिर पड़ना।??

**गुलजार–**
वो बरसों पुरानी ईमारत
शायद आज कुछ गुफ्तगू करना चाहती थी
कई सदियों से उसकी छत से कोई कूदा नहीं था।
और आज उस तंग हालात परेशां
स्याह आँखों वाली उस लड़की ने ईमारत के सफ़े जैसे
खोल ही दिए आज फिर कुछ बात होगी सुना है ईमारत खुश बहुत है..

**हरिवंश राय बच्चन–**
किस उलझन से क्षुब्ध आज
निश्चय यह तुमने कर डाला
घर चौखट को छोड़ त्याग
चढ़ बैठी तुम चौथा माला
अभी समय है, जीवन सुरभित
पान करो इस का बाला
ऐसे कूद के मरने पर तो
नहीं मिलेगी मधुशाला ??

**प्रसून जोशी–**
जिंदगी को तोड़ कर मरोड़ कर
गुल्लकों को फोड़ कर क्या हुआ जो जा रही हो
सोहबतों को छोड़ कर ??

**रहीम–**
रहिमन कभउँ न फांदिये, छत ऊपर दीवार
हल छूटे जो जन गिरि, फूटै और कपार ??

**तुलसी–**
छत चढ़ नारी उदासी कोप व्रत धारी
कूद ना जा री दुखीयारी
सैन्य समेत अबहिन आवत होइहैं रघुरारी ??

**कबीर–**
कबीरा देखि दुःख आपने, कूदिंह छत से नार
तापे संकट ना कटे , खुले नरक का द्वार%% ??

**श्याम नारायण पांडे–**
ओ घमंड मंडिनी, अखंड खंड मंडिनी
वीरता विमंडिनी, प्रचंड चंड चंडिनी
सिंहनी की ठान से, आन बान शान से
मान से, गुमान से, तुम गिरो मकान से
तुम डगर डगर गिरो, तुम नगर नगर गिरो
तुम गिरो अगर गिरो, शत्रु पर मगर गिरो।??

**गोपाल दास नीरज–**
हो न उदास रूपसी, तू मुस्काती जा
मौत में भी जिन्दगी के कुछ फूल खिलाती जा
जाना तो हर एक को है, एक दिन जहान से
जाते जाते मेरा, एक गीत गुनगुनाती जा ??

**राम कुमार वर्मा–**
हे सुन्दरी तुम मृत्यु की यूँ बाट मत जोहो।
जानता हूँ इस जगत का
खो चुकि हो चाव अब तुम
और चढ़ के छत पे भरसक
खा चुकि हो ताव अब तुम
उसके उर के भार को समझो।
जीवन के उपहार को तुम ज़ाया ना खोहो,
हे सुन्दरी तुम मृत्यु की यूँ बाँट मत जोहो।??

**हनी सिंह–**
कूद जा डार्लिंग क्या रखा है
जिंजर चाय बनाने में
यो यो की तो सीडी बज री
डिस्को में हरयाणे में
रोना धोना बंद कर
कर ले डांस हनी के गाने में
रॉक एंड रोल करेंगे कुड़िये
फार्म हाउस के तहखाने में..
5 मिनट के बाद वो उठी और बोली --
चलो बाल तो सूख गए अब चल के नाश्ता कर लेती हूं..
हिन्दी प्रेमियों के लिए
ऐसा आनंद किसी दूसरी भाषा में संभव नहीं है?
विश्व हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं सभी हिन्दी प्रेमियों को
साभार

## Watch 'Azaad' For Just 99 On Cinema Lovers Day




Celebrate Cinema Lovers Day with a special treat! Tickets for the much-anticipated film 'Azaad' are available today for just ?99.

The movie, which releases nationwide, marks the debut of two fresh talents—Aaman Devgan and Rasha Thadani—and features Bollywood superstar Ajay Devgn in a pivotal role. Directed by Abhishek Kapoor, Azaad also stars Diana Penty and Mohit Malik alongside Ajay Devgn. The film has been produced by Ronnie Screwvala and Pragya Kapoor, promising a gripping cinematic experience.

Abhishek Kapoor, known for launching promising newcomers, introduces Aaman Devgan and Rasha Thadani in Azaad. Both debutants are set to captivate audiences with their performances in this action-packed drama. Book Your Tickets Now. Celebrate your love for cinema by grabbing tickets at this exclusive price. Don't miss this opportunity to enjoy Azaad on the big screen at an unbeatable price. Make your Cinema Lovers Day unforgettable!

# पीएम मोदी ने आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देकर सभी धारणाओं को निर्मूल किया




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों अपने पहले पॉडकास्ट में एक प्रश्न के जवाब कहा था कि मेरे द्वारा 'मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेंस' के सम्बन्ध में दिए गए मंत्र का कतिपय लोगों ने गलत अर्थ निकाल लिया था। कुछ लोगों ने कहा कि मोदी कर्मचारियों की संख्या कम करना चाहते हैं। कुछ ने इसका अर्थ मंत्रिपरिषद के सदस्यों की संख्या कम करने की मंशा बता दिया तो कुछ ने इसके अन्य ही अर्थ निकाल लिए जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने उन तमाम आशंकाओं को निर्मूल साबित करते हुए जवाब दिया कि 'मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेंस' पर मेरा मंतव्य पेंचीदगी भरी लंबी सरकारी प्रक्रियाओं को समाप्त कर उन्हें सरल बनाना था ताकि जन साधारण के कार्य बिना किसी दिक्कत और बिना विलम्ब के हो सकें। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी बताया कि केन्द्र में उनकी सरकार आने के बाद कई अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त किया गया हैं और हमारी सरकार ऐसे कई प्रयास और नवाचार कर रही हैं जिसके चलते विकास की हर बाधा को समाप्त कर दिया जाए तथा सामान्य मानवी को प्रशासनिक मशीनरी से होने वाली सभी कथित मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़े।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दिलवा कर उन सभी धारणाओं को समाप्त कर दिया है जोकि सरकारी कर्मचारियों के संदर्भ में उनके विरोधियों द्वारा की जाती रही हैं। अगले माह एक फरवरी को आने वाले केन्द्रीय बजट से पहले ही मोदी सरकार ने लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को नए वर्ष का यह नायाब तोहफा देकर करोड़ों सरकारी कर्मचारियों का दिल जीत लिया हैं। केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का एलान किया है। केन्द्र सरकार के इस अहम फैसले से करोड़ों कर्मचारियों के वेतन भत्तों में बढ़ोतरी होंगी। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सरकारी कर्मचारियों की सैलरी के साथ ही पेंशनधारकों के पेंशन में भी इजाफा होगा। बताया जा रहा है कि आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने पर एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मी लाभान्वित होंगे।

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि 8वें वेतन आयोग का अतिशीघ्र गठन होगा और आयोग अगले वर्ष 2026 तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगा। आयोग में अध्यक्ष के अलावा दो सदस्यों की नियुक्ति भी अतिशीघ्र की जाएगी।

भारत सरकार के इस कदम का इंतजार एक करोड़ से अधिक केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को काफी अर्से से इंतजार था। केन्द्रीय कर्मचारी अपने मूल वेतन, मंहगाई भत्ते, पेंशन और अन्य लाभों को संशोधित करने के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन की आस लगाए बैठें थे। पिछली परंपरा के अनुसार केंद्रीय वेतन आयोग का गठन हर 10 साल में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतनमान, भत्ते और लाभों में बदलाव की समीक्षा और सिफारिश करने के लिए किया जाता है। यह आयोग महंगाई और आर्थिक स्थितियों जैसे कारकों को ध्यान में रखकर फैसला लेता है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार की ओर से 28 फरवरी, 2014 को 7वें वेतन आयोग का गठन किया गया था जिसने 19 नवंबर, 2015 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी तथा आयोग की सिफारिशें 1 जनवरी, 2016 से लागू हो गई थी। इस आधार पर, 8वें वेतन आयोग के 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होने की उम्मीद की जा रही है। आयोग की सिफारिशों के आधार पर केन्द्रीय कर्मियों की तनख्वाहों में बढ़ोतरी होगी और पेंशनभोगियों के लिए भी महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में समायोजन किया जाएगा।

जब-जब केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होती है तब-तब राज्यों में भी केन्द्र के समान वेतनमान लागू करने की मांग जोर पकड़ लेती है तथा सरकारी कर्मचारी वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए आंदोलन की राह भी पकड़ लेते है। हालांकि कई राज्य सरकारें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होते ही अपने प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को केन्द्र के अनुरूप वेतन भत्ते मंजूर कर देते है,लेकिन कई प्रदेश कतिपय कारणों से ऐसा नहीं कर पाते बावजूद देर सवेरे उन्हें भी ऐसा करना ही पड़ता हैं। राजस्थान जैसे कुछ प्रदेशों ने यह नीतिगत फैसला लिया हुआ है कि वे अपने कर्मचारियों को केन्द्र के अनुरूप हरसंभव वेतन भत्ते देंगी। इसी कारण जब-जब केन्द्रीय कर्मियों के मंहगाई भत्तों आदि में वृद्धि होती है तब-तब राजस्थान सरकार भी बिना किसी देरी के तुरंत इसकी घोषणा कर उसे लागू करती हैं। हालांकि वेतन आयोग की सिफारिशें और वेतन एवं महंगाई भत्तों आदि को लागू करने से केन्द्र और प्रदेश की सरकारों पर भारी अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ता हैं और विशेष कर इसकी भरपाई और विकास कार्यों के लिए राज्यों की सरकारों की केन्द्र सरकार पर निर्भरता बढ़ जाती है। राजस्थान जैसे बड़े भूभाग वाले प्रदेश केन्द्र सरकार से विशेष अनुदान की मांग भी करते है। भारत सरकार देश के पर्वतीय और सीमावर्ती विशिष्ठ श्रेणी के राज्यों को शत प्रतिशत मदद करती है, लेकिन राजस्थान जैसे विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले मरुस्थलीय एवं सीमावर्ती राज्य इस लाभ से वंचित रह जाते हैं ।

आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी कर्मचारियों के वेतन,भत्तों और सेवा शर्तों के संबंध में भारत सरकार को कतिपय अपवादों को छोड़ कर पूरे देश में बिना किसी भेदभाव के एक समान नीति लागू करनी चाहिए ताकि सरकारी कारिंदो में असंतोष और असुरक्षा की भावना जागृत नहीं होवे। साथ ही सरकारी मिशनरी में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार की प्रवृति पर भी अंकुश लग सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह प्रदेश गुजरात में सरकारी कर्मचारियों के रिटायर्ड होने की उम्र 58 वर्ष है जबकि अन्य कई प्रदेशों में केन्द्र की तरह सेवानिवृति की आयु 60 वर्ष हैं। इस प्रकार की विसंगतियों को दूर किया जाना चाहिए।

इसके अलावा केन्द्र सरकार को सरकारी कर्मचारियों के वेतन भत्तों आदि में बढ़ोतरी के साथ ही मंहगाई में होने वाली वृद्धि की रोकथाम के उपाय भी ढूंढने चाहिए,ताकि मंहगाई की मार से आम आवाम पीड़ित नहीं होवे। देखना है केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा इन ज्वलंत सवालों के हल के लिए निकट भविष्य में किस प्रकार के उपाय किए जाएंगे?

# सीएम ने हेलमेट पहनकर चलाई बाइक, लोगों से की यातायात नियमों का पालन करने की अपील...

**मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे राज्य और देश के लिए एक बड़ी क्षति बताया**

रायपुर। छत्तीसगढ़ में 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हेलमेट पहनकर बाइक चलाकर प्रदेशवासियों को सड़क सुरक्षा का महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने राजधानी रायपुर के रोहणीपुरम गोल चौक पर आयोजित बाइक रैली में भाग लिया और लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाओं ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यातायात नियमों के पालन से होने वाले फायदों के बारे में जागरूकता फैलाने का काम किया।



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, मनुष्य का जीवन अत्यंत अनमोल है। हर व्यक्ति का परिवार और समाज के प्रति दायित्व होता है। हमें अपने जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने खास तौर पर दोपहिया वाहन चालकों से अपील की कि वे हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं और कार चलाते वक्त सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें। मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे राज्य और देश के लिए एक बड़ी क्षति बताया।

उन्होंने कहा कि अधिकांश दुर्घटनाएं यातायात नियमों का उल्लंघन करने के कारण होती हैं और ये दुर्घटनाएं आसानी से रोकी जा सकती हैं। सीमित गति में वाहन चलाने और नशे के प्रभाव में वाहन न चलाने का भी उन्होंने खास ध्यान दिलाया। मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने जीवन और दूसरों के जीवन को सुरक्षित रखें। इस अभियान के तहत रायपुर यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा की थीम पर बैनर और पोस्टर लगाए जा रहे हैं।

पुलिस और प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालकों, स्थानीय नागरिकों और छात्रों को यातायात नियमों के महत्व के बारे में जागरूक किया है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह, पुलिस और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# डॉ सुरेश मेहरोत्रा ने जर्नलिस्ट हेल्थ केयर समिति को 5 लाख की सहायता दी

**अब तक दे चुके हैं 60 लाख की सहायता**



भोपाल न्विस्पर्स इन द कॉरिडोर्स न्यूज़ पोर्टल और मैगज़ीन के एडिटर इन चीफ डॉ सुरेश मेहरोत्रा ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सोसाइटी फॉर जर्नलिस्ट हेल्थ केयर समिति, मध्य प्रदेश को 5 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

डॉ मेहरोत्रा ने समिति के सदस्यों को चेक के माध्यम से उक्त राशि आज शाम अपने निवास पर प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित समिति के सदस्यों ने डॉ सुरेश मेहरोत्रा के प्रति समिति को उनके अप्रतिम योगदान के लिए आभार व्यक्त किया तथा कहा कि किसी भी वरिष्ठ पत्रकार द्वारा पत्रकारों के किसी समिति को इस स्तर का वित्तीय सहयोग एक अप्रतिम उदहारण है। ज्ञातव्य है कि पिछले एक दशक से ज्यादा समय से डॉ सुरेश मेहरोत्रा सोसाइटी फॉर जर्नलिस्ट हेल्थ केयर समिति, मध्य प्रदेश को प्रति वर्ष 5 लाख रूपये का सहयोग प्रदान करते हैं। अब तक समिति को 60 लाख रूपये की सहायता दे चुके हैं और उन्होंने यह भी आश्वस्त किया है कि यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा.

हेल्थ केयर समिति अपने सदस्यों तथा ऐसे पत्रकार जो किसी कारणवश सदस्य नहीं बन पाए उनको भी बीमारी के इलाज़ के लिए सहयोग प्रदान करती है।

# Kiran Singh Deo To Be Named BJP State President In Chhattisgarh, Formal Announcement Today

Raipur, . Kiran Singh Deo has once again been chosen as the Bharatiya Janata Party's (BJP) state president in Chhattisgarh.

The official announcement of his reappointment is set to be made today by BJP National General Secretary Vinod Tawde.This marks the conclusion of the BJP's organizational elections in the state.

Three nominations for the position of state president were submitted from 12 districts of Chhattisgarh, all in favor of Kiran Singh Deo.

The selection process, conducted on January 16, was attended by key leaders, including Chief Minister Vishnu Deo Sai, state in-charge Nitin Nabin, and other senior BJP members. Kiran Singh Deo first assumed the role of state president on December 21, 2023, through nomination.

This time, he has been elected to the position, solidifying his leadership within the party. A grand welcome is planned to celebrate his reappointment.



Kiran Singh Deo, a legislator from Jagdalpur, represents the tribal-dominated Bastar division. With over three decades of political experience, he has held numerous organizational roles, including district president of the Bharatiya Janata Yuva Morcha (BJYM) and later district president of the BJP in Bastar.

Deo's journey in politics began as a young activist in BJYM. He gained prominence in 2009 when he defeated a Congress candidate to become the mayor of Jagdalpur Municipal Corporation. Known for his clean image and grassroots connection, he has been a key figure in the BJP's efforts to strengthen its presence in the region. Hailing from a zamindar (landlord) family, Kiran Singh Deo is also a lawyer and farmer. He holds a B.Sc. degree (1985) and an LL.B. (1989) and has practiced law while engaging in agricultural activities.

As a leader from the general category who represents a tribal-majority area, Kiran Singh Deo's reappointment underscores the BJP's focus on inclusive leadership and representation in Chhattisgarh.

## Chhaava' Trailer To Release On January 22; Theatrical Debut On February 14

ChhaavaThe much-awaited historical epic 'Chhaava', starring Vicky Kaushal as Chhatrapati Sambhaji Maharaj, is set to make waves with its trailer launching on January 22, 2025.The film, directed by Laxman Utekar and produced by Dinesh Vijan under Maddock Films, will hit theaters on February 14, 2025.

'Chhaava' brings to life the story of Chhatrapati Sambhaji Maharaj, the valiant son of Chhatrapati Shivaji Maharaj. The film's release holds added significance, as it aligns with the celebrations of Chhatrapati Shivaji Maharaj Jayanti on February 19, 2025, making it a fitting tribute to the Maratha legacy.

Joining Vicky Kaushal in this epic saga are Rashmika Mandanna and Akshaye Khanna in pivotal roles. The film's music, composed by the legendary A.R. Rahman, is expected to enhance the grandeur of this historical narrative.

The film promises a cinematic spectacle, with a theatrical release slated for Valentine's Day, February 14. The timing, coupled with its historical significance, has already created significant anticipation among audiences.

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव: सीएम बोले- 3 हजार 500 करोड़ का आएगा निवेश

मध्य प्रदेश में 3 हजार 500 करोड़ की लागत से 102 नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। शहडोल क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन में सीएम मोहन यादव ने भूमि आवंटित की।

मध्य प्रदेश में सातवां रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव संपन्न हो गया है। इसका आयोजन शहडोल में किया गया। सम्मेलन के समापन के बाद सीएम मोहन यादव ने निवेश प्रस्तावों की जानकारी दी। इन निवेशों से शहडोल में विकास की गति बढ़ेगी। मध्य प्रदेश में जल्द ही 102 नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार 16 जनवरी को इन्हें 401 एकड़ भूमि आवंटन पत्र वितरित किए। शहडोल में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए सीएम मोहन यादव ने कहा कि इन 102 औद्योगिक इकाइयों में 3 हजार 500 करोड़ रुपए का निवेश अनुमानित है। इन इकाइयों में 31 हजार से अधिक युवाओं को सीधे रोजगार मिलेगा।

### विदेशों से भी आएंगे उद्यमी

मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए सीएम मोहन यादव लगातार प्रयास कर रहे हैं। हर रीजन में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगपतियों और युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया जा रहा है। दूसरे राज्यों और विदेशों से भी उद्यमियों को बुलाकर मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास की संभावनाओं और सरकारी नीतियों से अवगत कराया जा रहा है। सरकार के इन प्रयासों के नतीजे औद्योगिक इकाइयों के रूप में सामने आ रहे हैं।



### 3 नए इंडस्ट्रियल एरिया की घोषणा

इसके साथ ही सीएम मोहन यादव ने तीन नए औद्योगिक क्षेत्रों की घोषणा की है। इसमें ब्यौहारी तहसील के मऊ में 37 एकड़ में नया औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा। उमरिया जिले की चंदिया तहसील स्थित लोधा गांव में 12 एकड़ में नया औद्योगिक क्षेत्र बनाया जाएगा। साथ ही अनूपपुर जिले के बरगवां गांव में 11 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। मोहन सरकार ने 16 जनवरी को शहडोल में क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन का आयोजन किया है। इसमें एमपी-सीजी, यूपी और महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से निवेशक शामिल हुए। बड़े औद्योगिक घरानों की बात करें तो टोरेंट पावर लिमिटेड, शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड, रामा सीमेंट इंडस्ट्रीज, जेएमएस माइनिंग, बजरंग पावर लिमिटेड, एसएम परिमल प्रोसेस, रिलायंस इंडस्ट्री, ओरिएंट पेपर, एसीसी सीमेंट, आरके ग्रुप रायपुर, महावीर कोल रिसोर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रतिनिधि भी शामिल हुए हैं। इस दौरान सीएम ने कुछ उद्यमियों से वन टू वन चर्चा भी की।

## साइबर क्राइम जागरूकता पर व्याख्यान का आयोजन



छिंदवाड़ा। राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में प्राचार्य डॉ. अनीता कौशल के मार्गदर्शन में एवं विधिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आज दिनांक 16/01/2025 को साइबर क्राइम जागरूकता सुरक्षा व बचाव विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री चन्द्रशेखर उसरेठे सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान शासकीय महाविद्यालय चौरई से उपस्थित हुए जिन्होंने साइबर क्राईम जागरूकता के बारे में, विभिन्न हेल्पलाईन नम्बर्स एवं सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों एवं विभिन्न अधिनियमों के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी ।कार्यक्रम का संचालन विधिक प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ . संधु लाहोरिया ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ . जितेंद्र डेहरिया ने किया ।कार्यक्रम में विधिक प्रकोष्ठ की सदस्य पूनम उसरेठे, डॉ रजीना खान एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएँ उपस्थित हुई।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 18 को गुरैया में

छिंदवाड़ा। सामाजिक क्षेत्र में निरंतर कार्य करने वाली अग्रणी संस्था संकल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा न्यू लिटिल स्टेप स्कूल परिसर गुरैया में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन आम जनमानस के लिए किया जा रहा है । दिनांक 18 जनवरी 2025 दिन शनिवार को प्रातः 11ः00 बजे से शिविर प्रारंभ होगा स्वास्थ्य शिविर में शहर के ख्यातिप्राप्त चिकित्सक अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे जिसमें वरिष्ठ शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ. अल्पना शुक्ला हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज भूतड़ा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.निधि जैन दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भोला यादव नाड़ी वैद्य, क्षारसूत्र विशेषज्ञ डॉ.पवन नेमा जनरल फिजिशियन डॉ.ओ. पी. विश्वकर्मा , डा .एन के. सोमकुवर, डा.डी.एस.चौरे, डा.एम.के. वंदेवार, डा.एस.के. अहिरवार अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे शिविर में मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन के लिए एशियन आई केयर हॉस्पिटल द्वारा जांच की जाएगी मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों का प्रायवेट अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जाएगा स्वास्थ्य शिविर में जरूरतमंद मरीज को दवाइयां भी प्रदान की जाएगी सभी से आग्रह है उक्त शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करे ।

## सांई बाबा पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली



**छिंदवाड़ा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 16 जनवरी को सिद्ध सांई बाबा दरबार सारना में 10 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पालकी यात्रा सुबह 10 बजे विनोद कुमार उसरेठे ( बाबाजी ) व ग्रामीण भक्त जनों के साथ मिलकर निकाली गई जो दोपहर 2 बजे महाआरती के पश्चात महाप्रसाद वितरण और जगदंबिका देवी जागरण ग्रुप ( गांगीवाड़ा ) छिंदवाड़ा द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। जागरण ग्रुप के संचालक मनोज प्रजापति ने बताया की कार्यक्रम में की ऑडियो वीडियो अपने भजनों की सुमधुर प्रस्तुतिया से समा बाधा। साई बाबा की पालकी शोभायात्रा डीजे, गाजे बाजे शानदार नृत्य की प्रस्तुति के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे एवं महाप्रसाद को लाभ अर्जित कर पूर्ण लाभ अर्जित किया।

## जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ द्वारा उत्पादित सांची पेड़ा का उपयोग करने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** जबलपुर संभाग के आयुक्त श्री अभय वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत और आयुक्त नगरपालिक निगम के साथ ही सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों, सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों, सभी तहसीलदारों, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बाजार में उपलब्ध खुली मिठाइयों के स्थान पर जबलपुर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित जबलपुर द्वारा उत्पादित सांची पेड़ा का उपयोग करें ।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाकर नपा निरंतर क्रियान्वन

**परासिया।** विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका ने तीन वार्डो में क्र 16 एवं 17 में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया शिविर में स्वास्थ विभाग के द्वारा टीबी एक्सरे मशीन लगाई गई तीनों वार्डो के नागरिकों ने



एक्सरे करवाया एवं नगर अध्यक्ष ने लाडली लक्ष्मी योजना प्रमाण पत्र कन्याओं के माता पिता को वितरण किए और पार्षद के द्वारा पानी को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष से शिकायत की गई तो नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने दो कर्मचारी को वार्ड में भेज कर चार पांच घरों से पानी बाटलो में भरवाकर बुलवाया और सबके सामने पानी पिया और पार्षद को भी पानी पिलवाया पानी के टेस्ट में कोई खराबी नहीं पाई गई कांग्रेस पार्षदों के द्वारा गलत अफवाह फैलाई जा रही है ओर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा किसी लाइन में पानी यदि खराब आ रहा है तो मुझे बताएं लाइन में कोई खराबी होगी तो लाइन ठीक कराने का काम करेंगे बी टाइप कालोनी में जलप्रदाय कर्मचारी को भेज कर लाइन ठीक कराने के निर्देश भी दिए मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर में नगर पालिका के उपाध्यक्ष महेश सोमकुवर ,मंडल अध्यक्ष बल्लू नगी एवं लोक निर्माण विभाग के सभापति पवन सूर्यवंशी,पार्षद पूनम कैथवास,भाजपा नेता मोनू मारवाह तथा नगर पालिका के कर्मचारी और स्वास्थ विभाग के कर्मचारी के साथ महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

# जलमग्नीय पुलों के निर्माण और मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कराएं पूर्णः कलेक्टर

### सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गुरुवार को विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। यह बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई थी जिसमें प्रथम सत्र में सड़क संबंधी विभागों में लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, एम.पी.रोड डेव्लपमेण्ट कार्पोरेशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि के अधिकारियों के साथ प्रगतिरत एवं नवीन स्वीकृति कार्यों में प्रगति की समीक्षा की गई, तो वहीं दूसरे सत्र में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित विभागों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल निगम, पी.आई.यू., हाउसिंग बोर्ड, म.प्र. भवन विकास निगम, स्वास्थ्य विभाग, म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, ट्राइबल व शिक्षा विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रत्येक निर्माणाधीन कार्य के लिए आगामी 15 दिवस में अपेक्षित प्रगति का अगला स्तर भी निर्धारित किया जिसके अनुसार आगामी बैठक में प्रगति की समीक्षा की जायेगी। उन्होनें सभी विभागों को सख्त निर्देश दिये कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे हों। जो कार्य समय सीमा निकल जाने के बाद भी पूरे नहीं हुए हैं, लापरवाह ठेकेदारों को टर्मिनेट और ब्लैकलिस्ट कराएं।

**प्रथम सत्रः सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा**

पहले सत्र में सड़क निर्माण से संबंधित विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण, एम.पी. रोड डेव्लपमेण्ट कार्पोरेशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मार्गों का मजबूतीकरण कार्य और नवीनीकरण कार्य गति और गुणवत्ता के साथ निर्धारित टाइम लिमिट में पूरे किए जाएं। यह सुनिश्चित कराएं कि नवीनीकरण के सभी कार्य अगली बैठक तक प्रारंभ हो जाएं। लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए जलमग्नीय पुलों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य बारिश के पहले तक अनिवार्य रूप से पूरा कराने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को कोई असुविधा न हो। इनमें निशान जानोजी से उमरहर मार्ग में कुलबेहरा नदी और ढीमरमेटा से कुहिया मार्ग में कुलबेहरा नदी पर जलमग्नीय पुलों का निर्माण कार्य और ग्राम हलालखुर्द से बेलपेठ मार्ग में पेंच नदी पर निर्मित जलमग्नीय पुल का पहुंच मार्ग मरम्मत एवं प्रोटेक्शन कार्य शामिल है। कलेक्टर श्री सिंह ने अमरवाडा चौरई रोड से घुघरलांकला मार्ग का निर्माण अभी तक पूरा नहीं होने पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और ठेकेदार को समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**जल जीवन मिशन, भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा**

दूसरे सत्र में भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों से जुड़े विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने पिछली बैठक के निर्देशों के बावजूद निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर पी.आई.यू. और म.प्र. भवन विकास निगम के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए । साथ ही खुलसान और बिजोरी पठार में नवीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवनों के निर्माण कार्य में भी ठेकेदारों की उदासीनता पर सख्त रुख अपनाने की बात कही और इनकी निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहखेड़ और पिंडरईकला के निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पर भी नाराजगी जताई और निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

## नई फसलों की तैयारी में मनाई लोहड़ी



छिंदवाड़ा। लोहड़ी का त्यौहार पंजाब हरियाणा एवं दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में पंजाबी परिवारों के द्वारा हर्षोल्लास के साथ नई फसल के तैयार होने की खुशी में मनाया जाता है। यह त्यौहार ठंड के अंत और रबी की फसलों की कटाई का भी प्रतीक है,साथ ही यह त्यौहार नव विवाहित जोड़ों एवं नवजात बच्चों के लिए भी बेहद खास होता है।

लोहड़ी की कथा राजा दक्ष की पुत्री माता सती से जुड़ी है,माता सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में लोहड़ी की अग्नि जलाई जाती है। साथ ही यह त्यौहार की उत्पत्ति दुल्ला भट्टी की कहानी से भी जुड़ी है,जो पंजाब राज्य के एक प्रसिद्ध नायक थे जिन्होंने मुगल शासक अकबर के खिलाफ विद्रोह किया था। हर लोहड़ी के गीतों में उनके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए शब्द होते हैं। इसी के अंतर्गत पंजाबी समाज छिंदवाड़ा के द्वारा आयोजित लोहड़ी के कार्यक्रम में सर्वप्रथम गुरुद्वारा सिंघ सभा छिंदवाड़ा के ज्ञानी जी एवं आनंदपुर आश्रम कुटिया की मधु बाई जी के द्वारा एवं समाज के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ जनों एवं सभी परिवारों की उपस्थिति में अग्नि प्रज्वलित कर लोहड़ी के कार्यक्रम की शुरुआत की एवं सभी ने अग्नि की परिक्रमा कर उसम लाई,रेवड़ी,मूंग फ़ल्लीयां डाली और आशीर्वाद लिया।

इसके पश्चात समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया एवं साथ ही नई पहल के तहत सभी समाज को एकजुट करने, सनातन को मजबूत करने हेतु अन्य समाज जैसे अग्रवाल समाज के सुरेश अग्रवाल , ब्रह्म समाज के विजय पांडे जी, गुजराती समाज के अस्सू मेहता , सिंधी समाज के संजय बंटी लालवानी जी, झंग समाज के पदाधिकारियों एवं उनके साथ आये अन्य उपस्थित पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं अन्य पत्रकार साथियों का भी सम्मान किया गया। इसके उपरांत समाज के लोगों के मनोरंजन के लिए संगीत ऑर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया गया। साथ ही समाज के बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए,जिसमें महिलाओं का पंजाबी गिद्दा एवं नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा इसके पश्चात नव वैवाहिक जोड़ो एवं प्रथम वर्ष लोहड़ी में शामिल हुए नवजात बच्चों का भी सम्मान किया गया।

# पद खाली है सरकार पदोन्नति क्यों नही करती ?

### आऊट सोर्स से युवाओं को बेरोजगार न बनाये जाये, संयुक्त मोर्चा ने 51 सूत्रीय मांगों लेकर सौंपा ज्ञापन

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष श्री सतीश गोंडाने द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश के समस्त कर्मचारी संगठनों के सामूहिक संगठन संयुक्त मोर्चा के माध्यम से कर्मचारियों की 51 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर महोदय छिंदवाड़ा के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी मध्य प्रदेश शासन एवं माननीय मुख्य सचिव महोदय मध्य प्रदेश शासन सौपा गया । ज्ञापन सोपे जाने के पूर्व काफी संख्या में कर्मचारी गण कलेक्ट्रेट के सामने स्थित ग्राउंड में उपस्थित हुए संघ के जिलाध्यक्ष सहित कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा द्वारा जारी आंदोलन में पूरी तन्मयता से शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाने का आग्रह किया साथ ही निवेदन किया कि सभी एकजुट रहे और जो कर्मचारी की 51 सूत्रीय मांग जो की सभी संवर्गों की है उसको शासन स्तर से मान्य करने के लिए निरंतर आयोजित आंदोलन में शामिल होकर मांग को पूर्ण करने में अपना सहयोग प्रदान करें । ज्ञापन के दौरान मोर्चे के जिला अध्यक्ष सतीश गोंडाने द्वारा सभी से अनुरोध करते हुए आंदोलन के समय संबंध में अवगत कराया कि यह कदम कर्मचारियों के अधिकारों और प्रदेश के प्रशासनिक सुधार के लिए हमारे सामूहिक प्रयास का हिस्सा है उन्होंने कृषि विभाग वन विभाग महिला बाल विकास पशु चिकित्सा विभाग स्वास्थ्य विभाग दैनिक वेतन भोगी स्थाई अस्थाई कर्मचारी सचिव अंशकालीन कर्मचारी तहसीलदार राजनीतिक शिक्षा पटवारी शिक्षा विभाग शिक्षकों अतिथि शिक्षक आउटसोर्स कर्मचारी सहित 53 सूत्री मांगों के बारे में बताते हुए प्रमुख मांगों में से पदोन्नति संबंधी मांगों के के मुद्दे पर बताते हुए उन्होंने बताया कि 2016 से रुकी पदोन्नतियों को शीघ्र लागू कराए जाने ,पुरानी पेंशन बहाल किए जाने शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठा देने एवं शिक्षकों की सभी प्रकार की मांग पूर्ण करने लिपिको मंत्रालय के समय मान वेतनमान देते हुए, उनके ग्रेड पे में सुधार किए जाने बीट कर्मचारियों के पदनाम परिवर्तित किए जाने पंचायत सचिव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पटवारी कृषि विभाग के कर्मचारी वन विभाग के कर्मचारी कोटवार स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी अंशकालीन कर्मचारी की मांगों को प्रमुखता से निराकरण के संबंध में राज्य शासन से अनुरोध किया गया साथ ही आठवे वेतन आयोग अतिथि शिक्षक कर्मचारी एवं पेंशनरों के महंगाई भत्ते को शीघ्र निराकरण का निवेदन किया गया उन्होंने यह भी कहा कि इन मांगों में कई आर्थिक और गैर आर्थिक बिंदु शामिल है जो सभी कर्मचारियों की भलाई और प्रदेश की प्रगति से सीधे जुड़े हुए हैं साथ ही उन्होंने बताया कि हम सरकार से निवेदन करते हैं कि संघ की 51 सूत्रीय मांगों को गंभीरता से लिया जाए और शीघ्र समाधान प्रदान किया जाए सरकार का सकारात्मक रवैया केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाएगी बल्कि प्रदेश की सेवा में हमारी क्षमता और योगदान को भी नहीं ऊंचाइयों पर ले जाएगा हमारी मांगे जायज है और कर्मचारियों की दशा सुधारने के लिए अत्यावश्यक है




## नवरेती परिवार ने किया बच्चों को स्वेटर वितरण



**छिंदवाड़ा/सिंगोड़ी।** अमरवाड़ा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला पिंडरई डवीर और आंगनबाड़ी केंद्र के समस्त छात्र-छात्राओं को आज नवरतीय परिवार सिंगोड़ी की ओर से स्वर्गीय किशनू प्रसाद नवरेती वरिष्ठ शिक्षक की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर आज उनकी धर्मपत्नी चंपा नवरेती के द्वारा 60 से भी अधिक छात्र छात्राओं को ठंड से बचने के लिए निःशुल्क स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय किशनू प्रसाद नवरेती को सभी लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अनेक कार्यो को गिनाया वही उनके पढ़ाए हुए बच्चे आज अनेक प्रकार की नौकरी कर रहे है वहीं उनके द्वारा किए गए अनेक जनहित और छात्र हित के कार्यो को उपस्थित अतिथियों ने एक दूसरे से साझा किया। चंपा नवरेती मैडम ने बताया कि यह चौथा साल है हर वर्ष अलग अलग स्कूलों के बच्चो को नवरेती सर की याद में स्वेटर वितरण किया जाता है और आज भी यहां स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक चंपा नवरेती, सुशील प्रतिभा नवरेती, संकुल प्राचार्य बी एस सीलू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश धुर्वे, वरिष्ठ शिक्षक संजय सिंहा, जगदीश ताम्रकार,माध्यमिक प्रधानपाठक बी एल वर्मा, प्राथमिक प्रधानपाठक अनुराग सोनी, शिक्षिका हसीबुन निशा, राकेश साहू ,प्रदीप जथूरिया, पंच महताब मालवी,तरुण जैन, अरुण धुर्वे सहित अनेक लोग उपस्थित रहे वही मंच का संचालन योगेश चौरसिया ने किया।

## नगर पालिक निगम वार्डो में शिविर लगाकर की वसूली की

**छिन्दवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिंदवाडा द्वारा आयुक्त चन्द्रप्रकाश राय के निर्देशन में नगरीय क्षेत्र में वार्ड वाईज वसूली शिविर आज दिनांक 16/01/2025 जिसके अंतर्गत आज 06 वार्डो 01,03,11,23,39 एवं 20 में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा सम्पत्ति कर 7,90,103/- रूपये एवं जलकर 1,12,677/- रूपये, दुकान किराया / प्रीमियम् 7,22,328/- रूपये, इस प्रकार कुल बकाया राशि 16,25,108/- रूपये की वसूली की गई। पांच नल कनेक्शन काटे गये। उपभोक्ता अपने टैक्स का भुगतान यूपीआई जैसे फोन ये. गुगल पे आदि में भी दस अंको की प्रापटी आईडी दर्ज कर सरलता से कर सकते है।शिविर में कमलेश निरगुणकर उपायुक्त वित्त, प्र.राजस्व अधिकारी साजिद खान, राजस्व लिपिक राजकुमार पवार, प्रभारी राजस्व निरीक्षक धर्मेन्द्र माहोरे, अमित सारवान, मनोज पवार, शेखर पटेल, ऋषभ स्थापक, पवन सोनी एवं वसूली कर्मचारीगण उपस्थित रहे। दिनांक 18/01/25 तक इन्हीं स्थानों पर वसूली केम्प प्रारंभ रहेगा। सभी करदाता अपना टेक्स जमा कर सकेगें। शिविर में बकायादारो से अपील की जाती है कि वे निकाय अथवा वार्ड वसूलीकर्ता को सम्पत्तिकर, लीजरेन्ट, जलकर व अन्य करो का भुगतान करें।

# विधायक ने समुद्रराजा मे किया पूजन-अर्चन कर दादा साजवा दरबार से लिया आशीर्वाद

### श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

सिवनी। को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय ने समुद्रराजा मे पूजन-अर्चन कर दादा साजवा दरबार से आशीर्वाद प्राप्त किया। आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम समुद्रराजा ( दिघौरी ) पहुंचकर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भगवान समुद्रराजा का पूजन-अर्चन किया। तथा वहां पर स्थापित पवित्र ज्योति कलशों के दर्शन कर नमन किया। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय ने विराजमान दादा मानसिंह इनवाती साजवा दरबार का शाल श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दरबार समिति द्वारा श्री राय का फूल मालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर पन्नालाल लाल इनवाती, शंकर लाल उटटी, सादमसिंह बारकडे अध्यक्ष जनपद पंचायत, राधेलाल उइके सरपंच पिपरढाना, अबध लाल मरकाम सरपंच बकोड़ा सिवनी, बाराती लाल इनवाती, रघुप्रसाद परते, सीता राम सरवाती, रावनशाह उइके, चन्दर कुमरे सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत सिवनी से रामेश्वर धाम के लिए जाने वाले बुजुर्ग श्रद्धालुओं का जनपद पंचायत सिवनी प्रांगण मे तिलक व पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय सम्मान किया। तथा गणमान्य जनों एवं अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति मे बस को हरिझंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भी विधायक श्री राय को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया।

# भोपाल में भारतीय किसान संघ का आंदोलन 5 को



सांध्य प्रकाश समाचार इटारसी- भारतीय किसान संघ इटारसी द्वारा प्रदेशव्यापी आंदोलन करने जा रहा है , आंदोलन में किसानों की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार श्रीमति सुनीता साहनी को एक ज्ञापन सौंपा है। भाकिसं के तहसील प्रचार प्रसार प्रमुख नरेन्द्र गौर नें बताया कि भारतीय किसान संघ इटारसी? द्वारा तहसीलदार को किसान? संबंधी 10 समस्याएं बताई गई है,

1- संपूर्ण तहसील क्षेत्र में किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त 10 घंटे बिजली निर्बाध आपूर्ति की जावे ।?

2- तहसील क्षेत्र के समस्त शासकीय गोहे के मार्गों का सीमांकन करके अतिक्रमण मुक्त किया जावे ।

3- तहसील क्षेत्र के समस्त सड़कों का मरम्मत कार्य किया जावे ।

4- इटारसी तहसील में गुर्रा से सिलारी मार्ग में निर्मित पुलिया की ऊंचाई बढ़ायी? जावे ।

5- इटारसी मंडी में सभी उपजों की तुलाई का कार्य फ्लेट कांटों से किया जावे ।

6- इटारसी मंडी में फ्लेट कांटों से तुलाई में बढ़ती नहीं काटी जावे ।

7-इटारसी के कीरतपुर में उद्योगों से अपशिष्ट? युक्त पानी छोड़ा जाता है जोकि किसानों के खेतों में भी पहुंचता है एवं मवेशी भी उस पानी को पीते है । स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है ।इस हेतु उद्योगों में फिल्टर लगाएं जावे?।

8- इटारसी के पाहनवर्री में पिचिंग का निर्माण शीघ्र ही किया जावे?।

9- धान की कीमत में व्यापारियो से सामंजस्य बनाकर वृद्धि की? जावे? ।

10- इटारसी क्षेत्र में डंफरों के चमकदार लाइट से ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है । तथा ओव्हरस्पीड से दुर्घटना की आशंका है ।? कार्यवाही की जावे।

इत्यादि किसानों कि समस्या को लेकर 5 फरवरी को भोपाल में किसान संघ बड़ा आंदोलन करने जा रहा है। संघ के जिला सहमंत्री रजत दुबे नें बताया कि भारतीय किसान संघ द्वारा 5 फरवरी को भोपाल में प्रदेश स्तरीय समस्याओं के निराकरण हेतु बड़ा आंदोलन किया जा रहा है जिसमें संपूर्ण जिलेभर के सैकडों किसान आंदोलन में शामिल होंगे ।?

इस दौरान भारतीय किसान संघ के संभागीय सदस्य श्रीराम दुबे, तहसील अध्यक्ष श्यामशरण तिवारी, जिला सदस्य मोरसिंह राजपूत, मंत्री सुभाष साध, ओमप्रकाश महालहा, रामस्वरूप चौरे, जगदीश कुशवाहा,कमल गालर, हरीश वर्मा, अवनेश चौधरी, राजकुमार चौरे, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा का जिला कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत

### नगर भाजपा सहित जिलेभर के कार्यकर्ताओं ने किया आत्मीय स्वागत



**मण्डला/अजीत पटेल**--भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा का भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मण्डला में नगर भाजपा एवं जिलेभर के मण्डलों से आये कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य व आत्मीय स्वागत किया।इस अवसर पर मण्डला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते,केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके,जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम,नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा,पूर्व जिलाध्यक्ष बालकिशन खण्डेलवाल,प्रमोद सिंघई, रतनसिंह ठाकुर,रोचीराम गुरवानी सहित भाजपा के मण्डल अध्यक्षगण,जिला पदाधिकारी,मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष,संयोजक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मिश्रा के कार्यालय आगमन पर कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजे तथा आतिशबाजी एवं पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया तथा मिठाईयां बांटी गयी।आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि मुझे आशा है कि पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा आने वाले समय में पार्टी को और नई उँचाईयों तक ले जायेंगे एवं संगठन को मजबूत करने में अपना समर्पित योगदान प्रदान करेंगे। केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने कहा कि नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जिले के सभी कार्यकर्ताओं की आकांक्षाओं को ध्यान रखते हुए सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे और भारतीय जनता पार्टी को नयी गति देंगे उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश संगठन ने जो विश्वास जताया है उसमें पूरी तरह से खरा उतरें ऐसी हमारी शुभकामनाएं हैं।इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में भाजपा के निरंतर विकास के लिए पूरी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करने का प्रयास करूंगा। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के हित और संरक्षण के लिए संगठनात्मक रूप से हमेशा तत्पर रहूँगा उन्होंने कहा कि भाजपा के पिछले कार्यकाल में किये गये कार्यों को और अधिक गति के साथ आगे बढ़ाने का कार्य हम सब मिलकर करेंगे उन्होंने कहा कि जिलेभर के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया इसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूँगा।मंचीय स्वागत कार्यक्रम के पूर्व सर्वप्रथम भारतमाता पंडित दीनदयाल उपाध्याय,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष रानू राजपूत एवं आभार सुदीप ब्रजपुरिया ने व्यक्त किया।

# सीमा त्रिलोक बोहरा ने नवाणु यात्रा साआनंद पूर्ण की, समाजजनों व स्नेहीजनों द्वारा किया स्वागत एवं सम्मान

### हमें खुशी है कि सीमा ने नवाणु की 99 नहीं 101 यात्रा की श्रद्धा गंगवाल



आष्टा। आचार्य भगवंत नयवर्धनजी के पावन सानिध्य एवं प्रेरणा से एकासना तप के साथ नगर के किला निवासी श्रीमती सीमा त्रिलोक बोहरा ने श्वेतांबर जैन समाज के पावन पालीताणा तीर्थ में प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ प्रभु की नवाणु यात्रा साआनंद पूर्ण की। हमें खुशी है कि श्रीमती सीमा बोहरा ने 55 दिन में 99 यात्रा के स्थान पर 101 नवाणु यात्रा साआनंद पूर्ण की। वह भी यह कठिन तपस्या एकासना व्रत के साथ की गई। उक्त बातें अखिल भारतीय महिला जागृति मंच मेन अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा नरेन्द्र गंगवाल ने इस पुण्य अवसर पर कठिन तप के अनुमोदनार्थ श्रीमती सीमा त्रिलोक बोहरा की नवाणु यात्रा साआनंद पूर्ण करने पर शाल ओढ़ाकर श्रीफल भेंटकर माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान करते समय कहीं। श्रीमती गंगवाल ने कहा कि श्रीमती बोहरा ने बड़े बाबा आदिनाथ भगवान की कृपा व आशीर्वाद से आचार्य भगवंत नयवर्धनजी के साथ यह यात्रा पूर्ण की। ऐसी धार्मिक यात्रा में आचार्य भगवंत का परम सानिध्य मिलना सौभाग्य की बात है।इस अवसर पर पुलक मंच मेन के संरक्षक नरेन्द्र गंगवाल ने श्रीमती सीमा त्रिलोक बोहरा का स्वागत किया।इस अवसर पर श्रीमती ऋतु जय बोहरा एवं श्रीमती श्रीमती शिल्पा जिनेंद्र बोहरा आदि उपस्थित थे।

# मप्र में 2 दिन बदला रहेगा मौसम, भोपाल-इंदौर में कोहरा



**भोपाल।** प्रदेश के भोपाल, इंदौर समेत अधिकतर जिलों में शुक्रवार सुबह कोहरा छाया रहा। ग्वालियर-चंबल में बादल बने रहे। शाजापुर-सागर में तापमान में गिरावट आने से सर्दी बढ़ गई है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की एक्टिविटी की वजह से गुरुवार को श्योपुर, मुरैना में बारिश हुई जबकि भोपाल-इंदौर समेत प्रदेश के कई शहरों में बादल छाए रहे। इससे पहले 24 घंटे में भिंड, मुरैना, श्योपुर, आगर-मालवा, धार, नीमच, मंदसौर और ग्वालियर में बारिश हुई।

मौसम विभाग के मुताबिक, ग्वालियर-चंबल में अगले 2 दिन कोहरा रहेगा जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में बादल छाए रहेंगे। 19-20 जनवरी से ठंड का असर फिर बढ़ेगा। इस बार जनवरी के आखिरी सप्ताह में भी तेज ठंड पड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 18 जनवरी से अगले वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने की संभावना जताई है। यह उत्तर-पश्चिमी भारत को प्रभावित करेगा। इसका असर हिमालय की तरफ भी रहेगा। जिससे बर्फीली हवा की रफ्तार बढ़ जाएगी, जो मध्यप्रदेश में भी आकर ठिठुरन बढ़ा देगी।

### कड़ाके की ठंड... नौगांव में दिन का पारा 15.5 डिग्री

मध्यप्रदेश में गुरुवार को कड़ाके की ठंड रही। कई शहरों में दिन का तापमान 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। छतरपुर का नौगांव सबसे ठंडा रहा। यहां दिन का तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। खजुराहो में 16 डिग्री, शिवपुरी में 17 डिग्री, टीकमगढ़ में 17.5 डिग्री, रतलाम में 19.5 डिग्री, गुना में 19.6 डिग्री, रायसेन-सतना में 21.2 डिग्री, धार-रीवा में 21.4 डिग्री, सीधी में 22.2 डिग्री, नरसिंहपुर में 23.2 डिग्री, मलाजखंड में 23.5 डिग्री और सागर में 23.8 डिग्री तापमान रहा। बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 18.6 डिग्री पहुंच गया। भोपाल में 23.4 डिग्री, इंदौर में 22.6 डिग्री, उज्जैन में 20.4 डिग्री और जबलपुर में तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार सुबह प्रदेश के ग्वालियर, चंबल समेत कई संभाग में कोहरा रहा। मुरैना, श्योपुर में बारिश भी हुई। हालांकि, रात के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली है। कई शहरों में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

## संदीप मोहेड़ बने पांढुर्णा जिले के भाजपा अध्यक्ष



**छिंदवाड़ा।** भाजपा ने पांढुर्णा जिले के अध्यक्ष संदीप मोहोड़ को बनाया है। वह जिला पंचायत के सदस्य हैं और पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ के भतीजे हैं।

## महाकुंभ में क्यों दी जा रहीं हैं सफाई कर्मचारियों को संविधान की कॉपियां?

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में क्ष्छ्वक्क ने सफाई कर्मचारियों को संविधान की कॉपियां बांटकर एक खास पहल की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य भारतीय संविधान के 75 साल पूरे होने के मौके पर उसे सम्मानित करना और सफाई कर्मचारियों के प्रति सम्मान बढ़ाना है। आइए जानते हैं कि इस पहल के पीछे की वजह क्या है और इसका महत्व क्या है।



**सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने का ऐतिहासिक कदम**– भाजपा ने संविधान गौरव अभियान के तहत गुरुवार को महाकुंभ में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया और उन्हें संविधान की कॉपियां भेंट कीं। इस मौके पर भाजपा के नेताओं ने सफाई कर्मचारियों को माला पहनाकर उनका आभार व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश भाजपा के सचिव अभिजात मिश्रा ने कहा, हम उन लोगों का सम्मान कर रहे हैं जिनको पहले अन्य दलों ने केवल वोट बैंक समझा था। उन्होंने यह भी कहा कि महाकुंभ एकता का प्रतीक है और इसकी गारंटी भारतीय संविधान देता है, इसलिए हम संविधान की प्रतियां लेकर आए हैं।

**2019 की पहल और सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष ध्यान** – यह पहली बार नहीं है जब भाजपा ने सफाई कर्मचारियों के लिए कोई पहल की है। 2019 में, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई कर्मचारियों के लिए विशेष स्कूल खोलने की घोषणा की थी, ताकि उनकी शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार हो सके। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसी वर्ष के कुंभ मेले में दलित सफाई कर्मचारियों के पैर धोकर उन्हें सम्मानित किया था।

**महाकुंभ में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब**– महाकुंभ का महत्व केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी बढ़ चुका है। इस वर्ष महाकुंभ में देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक विशेष श्रद्धालु, बिहार के अक्षत, ने महाकुंभ में स्नान करने के लिए 11 महीने 27 दिन की लंबी पैदल यात्रा की। महाकुंभ 2025 तक 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं और सरकारी इंतजामों के कारण मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

## यूपी: 31 आईएएस अधिकारियों का तबादला, 3 कमिश्नर और 14 कलेक्टर बदले गए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने कल देर देर रात 31 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इनमें लखनऊ के मौजूदा डीएम सूर्यपाल गंगवार को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। वहीं विशाख जी को लखनऊ का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। वह अलीगढ़ के जिलाधिकारी थे। वहीं तीन मंडलों में नए कमिश्नर भी तैनात किए गए हैं।

इनके अलावा 13 अन्य जिलों में भी नए डीएम तैनात किए गए हैं। इनमें डीएम बुलंदशहर चंद्र प्रकाश सिंह को मथुरा का जिलाधिकारी बनाया गया है। प्रतापगढ़ के डीएम संजीव रंजन को अलीगढ़ का डीएम बनाया गया है। मेरठ में अपर आयुक्त जसजीत कौर को बिजनौर का डीएम बनाया गया है। बागपत के डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह को कानपुर नगर का डीएम बनाया गया है।

निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण जे रीभा को डीएम बांदा बनाया गया है। मेरठ के डीएम दीपक मीणा को गाजियाबाद का डीएम बनाया गया है। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा आशुतोष कुमार द्विवेदी को फर्रूखाबाद का डीएम बनाया गया है। वहीं, सीएम के विशेष सचिव शशांक त्रिपाठी को बाराबंकी का डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव नागरिक उडड्यन और विशेष सचिव मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे कुमार हर्ष को सुलतानपुर का डीएम बनाया गया है।

विशेष सचिव नागरिक उडडयन और निदेशक नागरिक उड्डयन की जिम्मेदारी सीएम के विशेष सचिव ईशान प्रताप सिंह को दे दी गई है। इनके अलावा सहारनपुर के कमिश्नर ऋषिकेश भास्कर यशोद को मेरठ का कमिश्नर, वहीं राष्ट्रीय स्वास्थ बीमा योजना की सीईओ संगीता सिंह को अलीगढ़ का कमिश्नर बनाया गया है।

मेरठ की मंडलायुक्त सेल्वा कुमार जे को हटाकर सचिव नियोजन बनाया गया है। सचिव नियोजन नरेंद्र प्रसाद पांडेय को सदस्य राजस्व परिषद बनाया गया है। वहीं सचिव खेलकूद सुहास एलवाई को महानिदेशक युवा कल्याण के पद से मुक्त कर दिया गया है। यह जिम्मेदारी अलीगढ़ की कमिश्नर रही चैत्रा वी को दी गई है।

आगरा मंडल की आयुक्त ऋतु माहेश्वरी को चिकित्सा शिक्षा विभाग में सचिव बना दिया गया है, तो विशेष सचिव चिकित्सा अर्चना वर्मा को राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना में सीईओ बनाया गया है। डीएम बांदा नरेंद्र प्रताप को एसीईओ यमुना एक्सप्रेस वे अथारिटी, डीएम गाजियाबाद इंद्र विक्रम सिंह को सचिव कृषि विपणन, डीएम सुल्तानपुर कृतिका ज्योत्सना को विशेष सचिव राज्य कर विभाग बनाया गया है।

## पार्वती नदी का 49 साल पुराना पुल धंसा, आवाजाही बंद

**भोपाल।** भोपाल और राजगढ़ जिले की सीमा पर पार्वती नदी पर बना 49 साल पुराना पुल गुरुवार रात धंस गया। इसके बाद पुल पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अब भारी वाहन भोपाल होकर करीब 50 किलोमीटर का चक्कर लगाकर जा रहे हैं। यह पुल बैरसिया-नरसिंहगढ़ रोड पर है और 1976 में बनाया गया था। पुल बंद होने से यातायात पर असर पड़ा है।

पुल धंसने की जानकारी मिलने पर बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा गुरुवार रात 9 बजे मौके पर पहुंचे और जांच की। इस दौरान दोनों ओर से बेरिकेडिंग की गई। वाहनों को दूसरे रास्ते पर डायवर्ट किया गया है। नरसिंहगढ़ पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने भी पुल का जायजा लिया। पुल के दोनों ओर पुलिस तैनात है। एमपीआरडीसी के एक्सपर्ट शुक्रवार को जांच करेंगे।



एसडीएम शर्मा ने एमपीआरडीसी (मप्र सड़क विकास निगम, भोपाल के संभागीय प्रबंधक) को लेटर भी लिखा है। लेटर में लिखा कि %पार्वती पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल से आवाजाही के कारण जान-माल के नुकसान की आशंका है। प्रारंभिक रूप से इस ब्रिज के पिलर के नीचे बड़ा गड्?ढा हो गया है। इसलिए जरूरी है कि नरसिंहगढ़-बैरसिया आने-जाने वाले वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाए। शुक्रवार को एमपीआरडीसी की टीम मौके पर पहुंचेगी और जांच करेगी कि ब्रिज को कितना नुकसान हुआ है। साथ ही ऑप्शनल रास्तों की भी व्यवस्था की जाएगी।

### नरसिंहगढ़ से कुरावर होकर भोपाल जा सकेंगे

नरसिंहगढ़ के एसडीओपी भूपेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मंगलगढ़ और बरायठा के बीच में पार्वती नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। नरसिंहगढ़ से नजीराबाद जाने के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल न करें। नरसिंहगढ़ से देवगढ़, कुरावर होते हुए भोपाल की तरफ की यात्रा करें। इसी प्रकार नजीराबाद से नरसिंहगढ़ आने वालों को भी उस तरफ से रोका गया है। पुल की दो साल पहले की मरम्मत की गई थी। इसके पिलर में क्रैंक आने से यह धंस गया। इस दौरान दोनों ओर से करीब 50 किमी का फेरा ज्यादा लगेगा।

### दो साल पहले की गई थी मरम्मत

पार्वती नदी पर बना ये पुल राजगढ़ और भोपाल जिले की सीमा पर है। यह नरसिंहगढ़ को नजीराबाद, बैरसिया, विदिशा और भोपाल से जोड़ता है। इसकी दो साल पहले ही मरम्मत की थी। पुल के एक तरफ बैरसिया और दूसरी तरफ नरसिंहगढ़ तहसील है।

## जिस जगह मिला था सौरभ शर्मा का 52 किलो सोना, वो जगह केके अरोरा की, ईडी घर पहुंची




**भोपाल।** पिछले महीने चर्चा में आए सौरभ शर्मा के मामले में आज सुबह-सुबह फिर एक बार ईडी सक्रिय हो गई। ईडी ने सौरव शर्मा से जुड़े लोगों के यहां ग्वालियर और भोपाल में छापामार कर्रवाई को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार ईडी कई जगहों पर पहुंची है। बड़ी बात यह है कि जिस जगह पर 52 किलो सोने से भरी हुई गाड़ी मिली थी उस जगह के मालिक के घर भी ईडी ने दबिश दी है। उम्मीद है जल्द ही सारे तार जुड़ जाएंगे। श्वष्ठ ने किन- किन जगहों पर छापा मारा है, यह साफ नहीं हो सका है। हालांकि ग्वालियर के मुरार में छापे की पुष्टि हो चुकी है।

0 मिली जानकारी के अनुसार ईडी ने ग्वालियर के मुरार में स्थित सीपी कॉलोनी में केके अरोरा के घर पर रेड की है। बताया जा रहा है कि पिछले महीने भोपाल में 52 किलो सोने से भरी हुई जो गाड़ी मिली थी, वह जगह कमलेश अरोरा वाइफ ऑफ केके अरोरा के नाम पर दर्ज है। केके अरोरा रिटायर रजिस्टार हैं और वर्तमान में हाई कोर्ट में वकालत कर रहे हैं।

परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के खिलाफ लोकायुक्त ने 19 दिसंबर, गुरुवार को अरेरा कॉलोनी स्थित उसके घर पर छापा मारा था। इस रेड में सौरभ के घर से 1.15 करोड़ रुपए कैश मिले थे। वहीं, आधा किलो से ज्यादा सोना मिला, जो 50 लाख रुपए से ज्यादा का है। इसके अलावा प्रॉपर्टी के कई अहम दस्तावेज भी मिले हैं। इसी के साथ उसके साथी चेतन सिंह गौर के ठिकाने से 1 करोड़ 70 लाख रुपए मिले हैं। दोनों के घर से मिले सामान और गाड़ियों की कीमत 2 करोड़ रुपए आंकी गई है।

बता दें कि सिर्फ सात साल की मामूली नौकरी में ही सौरभ शर्मा ने करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर लिया। उसने अनुकंपा नियुक्ति से नौकरी पाई और फिर चंद सालों में सिस्टम को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करते हुए रसूखदार बिल्डरों और नेताओं के साथ सांठगांठ कर ली। एक साल पहले उसने वीआरएस लेकर खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन उसका खेल यहीं खत्म नहीं हुआ। सौरभ ने भोपाल के शाहपुरा इलाके में एक बड़े स्कूल की फ्रेंचाइजी, एक होटल और अवैध प्रॉपर्टी डीलिंग में निवेश किया। वह अभी जहां रहता है, उस मकान को अपने साले का बताता है। हालांकि लोकायुक्त टीम सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### फर्जी दस्तावेजों से पाई थी नौकरी

मिले दस्तावेजों से साफ है कि सौरभ शर्मा ने फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाई थी। ग्वालियर के एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर के अनुसार सौरभ के पिता स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत थे और उसका भाई रायपुर में डिप्टी कमिश्नर फाइनेंस के पद पर पोस्टेड है। ऐसे में सौरभ शर्मा किसी भी स्थिति में नौकरी की पात्रता नहीं रखता था। बावजूद इसके उसने फर्जी दस्तावेजों के सहारे ऋक्षह्ल में नौकरी पाई। एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर ने इस मामले में ऋक्षढ्ढ भी लगाई है, मगर अब तक उन्हें विभाग ने कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई है।

### सौरभ और उसके दोस्त शरद की तलाश

इस मामले में आयकर विभाग आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी शरद जायसवाल की तलाश है। उसे आयकर ने समन भेजा था लेकिन वो बयान देने के लिए नहीं आया। ऐसे में उसकी भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। शरद आयकर के साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भी जांच के दायरे में है। सौरभ के सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद की कम्पनी अविरल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से विभाग को बड़े खुलासे की उम्मीद है।

हालांकि सौरभ के सामने आने के बाद ही यह क्लियर होगा कि वह सोना कहां से लाता था। टीम यह जानने की कोशिश कर रही है कि यह गोल्ड किस देश या शहर से बुलाया था। आयकर विभाग ने बरामद बिस्किट की डिजाइन के आधार पर कई ज्वेलर्स से पूछताछ की है। लेकिन टीम को कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है। विभाग अब सौरभ शर्मा के मूवमेंट का इंतजार कर रहा है ताकि वह कहीं आए-जाए तो उसकी जानकारी मिले और उसका बयान लिया जाए।

### छापे के दो दिन पहले से बंद है सौरभ का मोबाइल

आयकर विभाग की जांच के दायरे में आने के पहले सौरभ लोकायुक्त छापे की जद में आया था। जांच में यह बात सामने आई कि उसका मोबाइल 16 दिसम्बर से बंद है। वह लोगों से संपर्क करने के लिए अपने मोबाइल नम्बर का इस्तेमाल नहीं कर रहा है।

### आयकर ने लोकायुक्त से मांगी जानकारी

आयकर विभाग ने लोकायुक्त पुलिस से सौरभ शर्मा के यहां मारे गए छापे के बारे में जानकारी मांगी है। लोकायुक्त के यहां से मिली जानकारी के आधार पर आयकर विभाग अन्य दस्तावेज जुटाएगा और सौरभ की इनकम के सोर्स पता करेगा। इसके पहले लोकायुक्त पुलिस संगठन भी आयकर विभाग को इसी तरह पत्र लिखकर जानकारी मांग चुका है।



आज वार्ड 32 शास्त्री नगर में महापौर मालती राय ने कम्युनिटी हॉल का निरीक्षण किया इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद जोन अध्यक्ष श्रीमती आरती अनेजा एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## 8वें वेतन आयोग के बाद कितनी बढ़ सकती है सैलरी?

केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है, जिससे एक करोड़ से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा। यह आयोग 2025 में गठित होगा और 2026 तक अपनी सिफारिशें देगा। इसके माध्यम से कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेंशन में बदलाव किए जाएंगे।

**क्या करेगा 8वां वेतन आयोग?** – 8वां वेतन आयोग कर्मचारियों के वेतन ढांचे की समीक्षा करेगा। इसमें महंगाई, आर्थिक स्थिति और कर्मचारी कल्याण जैसे पहलुओं पर विचार किया जाएगा। हर 10 साल में गठित होने वाले इस आयोग का उद्देश्य कर्मचारियों की बदलती जरूरतों को पूरा करना है।

**सैलरी में कितनी होगी बढ़ोतरी?**– रिपोर्ट्स के अनुसार, फिटमेंट फैक्टर को 2.57 से बढ़ाकर 2.86 किया जा सकता है। इससे न्यूनतम मूल वेतन ?51 हजार 480 तक हो सकता है। इस वृद्धि से कर्मचारियों की क्रय शक्ति और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

8वें वेतन आयोग पर आई खुशखबरी, 26,000 हो जाएगी केंद्रीय कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी

**पिछले वेतन आयोग का योगदान**– 2016 में लागू 7वें वेतन आयोग ने न्यूनतम वेतन ?18 हजार और अधिकतम वेतन ?2.5 लाख तय किया था। फिटमेंट फैक्टर 2.57 था, जिसने कर्मचारियों के मूल वेतन में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी की।

**क्यों अहम है वेतन आयोग का गठन?**– वेतन आयोग सरकारी कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखकर सिफारिशें देता है। 8वें वेतन आयोग से भी कर्मचारियों को ऐसे सुधारों की उम्मीद है जो उनकी जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाएंगे।

8वें वेतन आयोग के बाद वेतन में संभावित बदलाव

**वेतन मैट्रिक्स के अनुसार लेवल-1 से 5 तक**– 7वें वेतन आयोग के लागू होने के बाद लेवल-1 (चपरासी, सफाईकर्मी आदि) का बेसिक वेतन ?18 हजार हो गया था। 8वें वेतन आयोग के लागू होने पर यह बढ़कर 21 हजार 300 हो सकता है।

- लेवल-2= ?19 हजार 900 से ?23 हजार 880 तक।
- लेवल-3= ?21 हजार 700 से ?26 हजार 040 तक।
- लेवल-4= ?25 हजार 500 से ?30 हजार 600 तक।
- लेवल-5= ?29 हजार 200 से ?35 हजार 040 तक।
- ग्रेड पे लेवल-1 से 5 के बीच ?1 हजार 800 से ?2 हजार 800 तक होता है।

**लेवल-6 से 9 तक का वेतन**

- लेवल-6 से 9 के कर्मचारियों का ग्रेड पे ?4 हजार 200 से ?5 हजार 400 तक होता है। इनमें प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक, ग्राम विकास अधिकारी आदि आते हैं।
- लेवल-6= ?35 हजार 400 से ?42 हजार 480 तक।
- लेवल-7= ?44 हजार 900 से ?53 हजार 880 तक।
- लेवल-8= ?47 हजार 600 से ?57 हजार 120 तक।
- लेवल-9= ?53 हजार 100 से ?63 हजार 720 तक।
- लेवल-10 से 12 तक
- ग्रेड पे ?5 हजार 400 से ?7 हजार 600 के बीच होता है।
- लेवल-10= ?56 हजार 100 से ?67 हजार 320 तक।
- लेवल-11= ?67 हजार 700 से ?81 हजार 240 तक।
- लेवल-12= ?78 हजार 800 से ?94 हजार 560 तक।
- लेवल-13 और 14 का वेतन
- ग्रेड पे ?8 हजार 700 से ?10 हजार तक होता है।
- लेवल-13= ?1 लाख 23 हजार 100 से ?1 लाख 47 हजार 720 तक।
- लेवल-14= ?1 लाख 44 हजार 200 से ?1 लाख 73 हजार 040 तक।
- लेवल-15 से 18 तक (ब्यूरोक्रेट्स)

इनमें आईएएस अधिकारी, सचिव, और मुख्य सचिव शामिल हैं।

- लेवल-15= ?1 लाख 82 हजार 200 से ?2 लाख 18 हजार 400 तक।
- लेवल-16= ?2 लाख 5 हजार 400 से ?2 लाख 46 हजार 480 तक।
- लेवल-17= ?2 लाख 25 हजार से ?2 लाख 70 हजार तक।
- लेवल-18= ?2 लाख 50 हजार से ?3 लाख तक।

**कुल वेतन में बढ़ोतरी** – यहां सिर्फ बेसिक वेतन में संभावित बढ़ोतरी का जिक्र किया गया है। महंगाई भत्ता और अन्य अलाउंस को जोड़ने के बाद कुल वेतन में और इजाफा होगा। इस वजह से कर्मचारियों को मिलने वाली सैलरी उनकी बेसिक सैलरी से कहीं अधिक होगी।

## आईडीए को प्रमुख सचिव की फटकार- सड़क व फ्लायओवर से ही नहीं होगा इंदौर का विकास

**इंदौर।** इंदौर विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा के लिए आए प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन संजय शुक्ला ने जमकर फटकार लगाई। उनका कहना था कि हर बार समीक्षा में फ्लायओवर और सड़क के अलावा कुछ नहीं होता है। इनका इंपेक्ट असेसमेंट करें। इनसे कितने रोजगार मिलेंगे, इनमें लोगों को मेडिकल, खेल, शिक्षा से संबंधित क्या-क्या सुविधाएं मिलेंगी यह भी दिखाएं।



कलेक्टर आशीष सिंह और सीईओ आरपी अहिरवार मौजूदगी में प्रमुख सचिव शुक्ला ने कहा कि अब समय है, इंदौर के लिए वियाना, विम्बलडन की तरह प्लानिंग की जाए। वह एक गांव है, लेकिन 13 हेक्टेयर की योजना ने तस्वीर बदल दी।

इंदौर के लिए ऐसा प्लान करें, जिससे निवेशकों के सामने एक स्वच्छ, स्वस्थ और रहने लायक शहर की तस्वीर पेश की जा सके। विकास प्लान में सड़क व फ्लाय ओवर के साथ लोगों के लिए रोजगार के अवसर कैसे बनेंगे इस पर भी सोचें। प्लानिंग ऐसी करें, जिससे स्वच्छता में नंबर वन शहर की देश के शीर्ष 10 शहरों गिनती हो सके। चार दिन में प्लान भेजे। शुक्ला ने कहा, इंदौर के आसपास हातोद जैसे स्थान हैं, इनको शहर में बदलने के लिए योजना बनाएं। अरबन डेवलमेंट से संबंधित कन्सल्टेंट लाएं।

बीआरटीएस की तरह केबल कार भी असफल योजना न बन जाए

केबल कार योजना पर अफसरों ने शुक्ला को बताया कि इसके दो रूट की डीपीआर तैयार कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा, बीआरटीएस की तरह यह भी असफल योजना न बन जाए, इसका ध्यान रखें। इसके लिए उपर चढ़ना होता है, लोग कैसे चढ़ेंगे। स्टेशन कैसे बनेंगे? इसकी लागत भी देखना चाहिए। उन्होंने कहा, इंदौर का मास्टर प्लान भी जल्द लाना होगा। इसके लिए लोगों से सुझाव लें।

**बीआरटीएस पर अन्य विकल्प भी देंखे**– बैठक में बीआरटीएस पर भी चर्चा हुई। प्रमुख सचिव ने कहा, जिस तरह से ट्रैफिक के डाटा सामने आए हैं, उससे तो फ्लाय ओवर के अलावा अन्य विकल्प बना कर भी ट्रैफिक दबाव कम कर सकते हैं। जीपीओ पर दबाव कम है तो आसपास की सड़कें बना सकते हैं। रसोमा से मालवा मिल तक विकल्प बना सकते हैं। अंडरपास की संभावना देखें।

### बायपास व सुपर कॉरिडोर पर पानी कैसे मिलेगा?

अहिल्यापथ योजना- प्रमुख सचिव ने पूछा इसके दूसरी ओर क्या प्लान किया? अफसरों ने कहा, दूसरी ओर जमीन का उपयोग कृषि है। प्रमुख सचिव ने कहा, कृषि उपयोग की जमीन के भी कई उपयोग है। आवासीय, कमर्शियल के अलावा भी सोचें।

प्ले ग्राउंड बन सकते हैं, पार्क बन सकते हैं। एम्युजमेंट सेंटर बन सकते हैं। भोपाल, रतलाम में हमने प्रयोग किए हैं। टीपीएस योजनाएं आईडीए ने प्रचलित योजनाओं में चल रहे काम का प्रस्तुतिकरण दिया। प्रमुख सचिव ने कहा, इनका इंपेक्ट असेसमेंट किया क्या किसी ने? इनसे लोगों को कितना फायदा होगा? कितने लोगों को रोजगार मिलेंगे? यहां क्या-क्या गतिविधियां हो सकेंगी? पानी कैसे मिलेगा? बायपास व कॉरिडोर पर योजनाएं तैयार कर ली है। इनमें पानी कैसे मिलेंगा इसकी क्या योजना तैयार की है, ये बताएं।